वर्ष : 18 अंक: 141 ग्वालियर • रविवार 22 जून 2025 • पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता


आज का तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

विशाखापट्टनम से पीएम मोदी का खास संदेश

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन जैसा-पीएम मोदी


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून में योग किया


केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली में योग किया


गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वडनगर में योग किया

नई दिल्ली/विशाखापत्तनम (ए.)

दुनियाभर में शनिवार को 11वां योग दिवस मनाया जा रहा है। PM मोदी ने विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिक के साथ योग किया। इस मौके पर PM मोदी ने कहा कि योग का मतलब होता है- जोड़ना। और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता बढ़ रही है, तो योग शांति की दिशा दिखाता है। यह पॉज बटन जैसा। PM के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी ष्टरूपवन कल्याण ने भी योग किया। इस बार की योग की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन्स के मुताबिक, 191 देशों में 1,300 जगहों पर 2,000 से ज्यादा योग कार्यक्रम





हुए।

## योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बना

PM मोदी ने कहा- आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं।

## योग सभी का है, सभी के लिए है

PM ने कहा कि अभी नेवी के जहाज में भी योगा कार्यक्रम चल रहा है। चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, या एवरेस्ट की चोटियां, या समुंदर का विस्तार हो एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है।

## योग उस पॉज बटन जैसा जो हमें सांस लेने देता है

PM ने कहा कि साथियों दुर्भाग्य से दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। कई क्षेत्रों में यह स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग हमें शांति का रास्ता दिखाता है। योग उस पॉज बटन की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें।

## मी टु वी का भाव भारत की आत्मा का साथ

PM ने कहा कि योग को सिर्फ पर्सनल प्रैक्टिस न बनाएं, बल्कि ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बनाएं। योग को लोकनीति का हिस्सा बनाएं। जब जनता लक्ष्य को थाम लेती है तो उस लक्ष्य की प्राप्ति से हमें कोई रोक नहीं पाता। आपके प्रयास यहां इस आयोजन में नजर आ रहे हैं। मी टु वी का भाव भारत की आत्मा का साथ है।

## भारत में योग के प्रचार के लिए साइंस का साथ

PM ने कहा कि भारत विश्व में योग के प्रसार के लिए योग विज्ञान में आधुनिक रिसर्च को बढ़ावा दे रहा है। हम योग के क्षेत्र में प्रमाण आधारित थेरेपी को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इस दिशा में दिल्ली AIIMS ने सराहनीय काम किया है। आज हील इन इंडिया का मंत्र भी दुनिया में काफी पॉपुलर हो रहा है।


केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने दिल्ली में योग किया


दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने योग किया


राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने जयपुर में योग किया


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरीदाबाद में योग किया


भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने मथुरा में योग किया

# ऑपरेशन सिंधु- ईरान से 2 बैच में 407 भारतीय लौटे: इसमें 190 कश्मीरी छात्र

किसी ने वन्दे मातरम् के नारे लगाए, तो किसी ने शुक्रिया कहा

नई दिल्ली (ए.)



ईरान और इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत शुक्रवार देर रात 290 भारतीय नागरिक दिल्ली लौटे। इनमें से ज्यादातर कश्मीर के छात्र हैं। इसके अलावा कुछ यात्री दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अब तक 517 भारतीय नेशनल स्वदेश लौट चुके हैं। देर रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे। देर रात 10:30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 और देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। इससे पहले 19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। एक और फ्लाइट शनिवार शाम तक आ सकती है। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर वन्दे मातरम् और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान कुछ लोग भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू थे, तो कुछ ने जमीन पर माथा टेककर शुक्रिया भी अदा किया।

तेहरान से नई दिल्ली के लिए विमान ने भरी उड़ान तेहरान के इमाम खोमैनी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 290 भारतीय नागरिकों को लेकर माहान एयर के इस विमान ने (फ्लाइट नंबर W 5071) भारतीय समयानुसार शुक्रवार शाम 6:30 बजे नई दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। यह विमान देर रात 11:30 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ।

# अहमदाबाद हादसा-एयर इंडिया के 3 अफसरों को हटाने का आदेश: DGCA ने एयरलाइन से 10 दिन में रिपोर्ट मांगी

हादसे में 270 मौतें हुई थीं

नई दिल्ली (ए.)



अहमदाबाद हादसे के बाद DGCA ने शनिवार को एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। DGCA ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर, एअर इंडिया ने कहा कि DGCA के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो आज सामने आया।

यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# गोरखपुर में सीएम योगी ने किया योग अभ्यास, बोले- शरीर ही धर्म के पालन का साधन है

गोरखपुर (ए.)



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है। योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाकर भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। यही वजह है कि आज 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 190 देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं। सीएम योगी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्व योग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग भारत की ऋषि परंपरा का ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने योग के महत्व को प्राचीनकाल से ही विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए कहा है, 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्'। (शरीर ही धर्म के पालन का साधन है)।

# अमृतसर में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के मॉड्यूल का खुलासा: आतंकी गिरफ्तार, UK से ऑपरेट कर रहा था धर्मा संधू

## रिंदा गैंग की शह पर मंगवाए हथियार




**अमृतसर (ए.)।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने स्थानीय स्तर पर मॉड्यूल को संभाल रहे ओंकार सिंह को गिरफ्तार किया है। ओंकार सिंह के पास से 6 आधुनिक पिस्तौल बरामद हुई हैं, जिनमें 4 Glock 9mm और 2 PX-5 (.30 बोर) शामिल हैं। पुलिस की टीमें मॉड्यूल से जुड़े अन्य साथियों और नेटवर्क की पहचान करने में जुटी हुई हैं। पुलिस के मुताबिक इस मॉड्यूल को यूके में बैठा खालिस्तानी आतंकी धर्म सिंह उर्फ धर्मा संधू ऑपरेट कर रहा था। संधू को पाकिस्तान में मौजूद कुख्यात आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी माना जाता है।

# सोनिया बोलीं-ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही

## इजराइल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए, अभी देर नहीं हुई



**नई दिल्ली (ए.)।** कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है।

सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजराइल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है।

# चलती ट्रेन में सीट विवाद पर युवक की पीट-पीटकर हत्या, जब तक दम नहीं तोड़ दिया

बागपत (बड़ौत) (ए.)



यूपी के बागपत में चलती ट्रेन में सीट के विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन से बागपत आ रहा था। फखरपुर स्टेशन के पास सीट पर बैठने को लेकर उसका विवाद हो गया। इसके बाद 15 से 20 लोगों ने मिलकर उसे लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा। बागपत से 10 किमी पहले खेकड़ा स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो आरोपी उतरकर भाग गए। ट्रेन में सवार युवक के एक साथी ने जीआरपी और परिवार को सूचना दी। दीपक को ट्रेन से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# निरोग रहने के लिए प्रतिदिन करें योग- सांसद श्री तोमर

## योग फॉर वन अर्थ-वन हेल्थ थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित, आडिटोरियम में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम



**श्योपुर ब्यूरो।** 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम नगरपालिका के शिवपुरी रोड स्थित ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि निरोग रहने के लिए प्रतिदिन योग करें। प्रतिदिन योगाभ्यास एवं प्राणायाम से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है, बल्कि मानसिक रूप से भी शक्ति मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने योग को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उन्ही के प्रयासो से योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता मिली है। उन्होंने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ में योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे सर्वानुमति से सभी राष्ट्रों ने स्वीकार किया। भारतीय संस्कृति की ध्वजा लहराई। इस अवसर पर कमिश्नर चंबल एवं ग्वालियर श्री मनोज खत्री, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत सदस्य श्री गिरधारी बैरवा, श्री राघवेन्द्र जाट, श्री सुजीत गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्काउट गाइड, छात्र-छात्राएं तथा नागरिको ने उपस्थित होकर योग कार्यक्रम में भाग लिया। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गरिमामयी उपस्थिति में विशाखापट्टनम में समुद्र के किनारे आयोजित अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वर्चुअली माध्यम से भोपाल के अटल पथ पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जुडे। इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण भी जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान सुना गया। आयुष एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तात्वधान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक श्री दिनेश साहू द्वारा योग एवं प्रणायाम की विभिन्न क्रियाएं संपन्न कराई गई। कार्यक्रम का संचालन श्री सुशील दुबे एवं आभार प्रदर्शन सहायक संचालक शिक्षा श्री यश जैन द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती एवं भगवान धनवंतरी जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा योग शिक्षक श्री दिनेश साहू को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ब्लॉक एवं पंचायत मुख्यालयों तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर सामुहिक योग तथा प्रणायाम किया गया।

**अतिथियों ने किया पौधरोपण**

11वे अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर सहित अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा ऑडीटोरियम परिसर में पौधरोपण किया गया।

**600 से अधिक लोकेशन पर 22 हजार 400 लोगों ने किया योग**

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि 11वे अंर्तराष्टीय योग दिवस के अवसर पर जिले में 600 से अधिक स्थानों पर 22 हजार 400 लोगों ने एक साथ योग किया। उन्होने बताया कि बेवसाइट पर 630 लोकेशन पंजीकृत की गई थी। ऑनलाइन डाटा के अनुसार 22 हजार 400 के लगभग नागरिको, ग्रामीणों द्वारा योग किया गया।

# सामुहिक योग कर, दिया निरोग रहने का संदेश

## जिला न्यायालय एवं जिला जेल में कार्यक्रम आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला न्यायालय श्योपुर व जिला जेल श्योपुर में सामुहिक रूप से योग शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय श्योपुर में आयोजित कार्यकम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री पवन कुमार शर्मा द्वारा उपस्थित जिला न्यायालय श्योपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर में पदस्थ समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल व जिला लोक अभियोजन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारीगण को योग के प्रति जागरूक किया। साथ ही इस बात से अवगत कराया कि योग व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है यही कारण है कि योग से शारीरिक व्याधियों के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाई जा सकती है इसलिये नियमित रूप से योग करना चाहिए इसी कम में योग गुरू श्री ओमप्रकाश टक्साली व श्री नरेश चौरसिया द्वारा न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण को योग के विभिन्न आसन्न के बारे में बताते हुये सामुहिक योगाभ्यास करवाया व योग की शक्तियों का विस्तृत रूप से वर्णन किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला न्यायलय परिसर श्योपुर के न्यायिक अधिकारीगण श्री डीएस चौहान प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, सुश्री संध्या मरावी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री अमोघ अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, जे.एम.एफ.सी. श्योपुर, सुश्री पूर्वी राय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री परवेज आलम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री योगेश बंसल, जिला विधिक सहायता अधिकारी,योग शिक्षक श्री ओमप्रकाश टकसाली व श्री नरेश चौरसिया, जिला न्यायालय श्योपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदस्थ समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल व जिला लोक अभियोजन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा उपस्थित रहकर योगाभ्यास किया गया। इसी के साथ ही जिला जेल, श्योपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को अंतर्राष्टीय योग दिवस के बारे में अवगत कराते हुये योग से होने वाले फायदों के बारे में बताया व नियमित रूप से योग करने की समझाईश दी इसी दौरान पतंजली योग शिक्षक श्री नरेश चौरसिया व श्री शैलेंद्र जैन ने बंदियों को योग कराया। इस योग शिविर में भस्त्रिका, कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, बटर फ्लाई, शीर्षासन, नमो ध्यानम सहित कई अन्य योग कराते हुये बताया कि योग स्वास्थ्य शरीर के लिये बेहद जरूरी है इससे हमारा शरीर में उर्जा भी बढोत्तरी होती है व शरीर से कई बीमारियों का नाश भी होता है। उक्त शिविर के दौरान जेल अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला जेल के अधिकारी व कर्मचारीगण एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

# जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में भी उत्साहपूर्वक मना योग दिवस



**श्योपुर ब्यूरो।** 11वें अंतर्राष्टीय योग दिवस कार्यक्रम के अवसर पर श्योपुर जिले में आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्रामों में भी योग दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में उत्साहपूर्वक योग दिवस मनाते हुए योगाभ्यास किया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं द्वारा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर आयोजित योग क्रियाएं संपन्न कराई गई। जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में बडी संख्या में सहरिया आदिवासी समुदाय द्वारा भागीदारी की गई। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने बताया कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति निमोदमठ एवं सदगुरु सेवा समिति द्वारा ग्राम निमोदमठ में समिति अध्यक्ष श्री कल्याण मारू एवं श्री लक्ष्मण राव शिंदे द्वारा ग्रामवासियों को योग कराया गया। ग्राम कालीतलाई में भी कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ, इसके साथ ही मानव फाऊंडेशन, मातृछाया सेवा समिति, श्योपुर युवक मण्डल आदि संस्थाओं ने विभिन्न स्थानों पर गतिविधियों का आयोजन किया।

# पीएम कॉलेज में मनाया गया योग दिवस



**श्योपुर ब्यूरो।** शासकीय पीएम कॉलेज तथा शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के सयुंक्त तत्वाधान में कॉलेज परिसर में 11वे अंतराष्टीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया गया। योग प्रशिक्षक तथा वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ विपिन बिहारी शर्मा, श्री अमित सिंह चौहान तथा श्री गिर्राज ने योग की विभिन्न मुद्राओ तथा आसन, प्राणायाम की क्रियाएं संपन्न कराई गई। इस अवसर पर जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री मनोज सर्राफ, नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं समिति सदस्य श्री संजय महाना, श्री दिनेश दुबोलिया, श्री कौशल शर्मा, श्री पूरण आर्य, प्रोफेसर डॉ ओपी शर्मा, डॉ रमेश भारद्वाज, डॉ लोकेन्द्र सिंह, डॉ मनुप्रताप भदौरिया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वेदांकी खंडेलवाल आदि उपस्थित रहें। प्रोफेसर डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय ढोढर, विजयपुर, कराहल एवं बड़ोदा में भी अंतराष्टीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# आज चार घण्टे बन्द रहेगी शहर की बिजली सप्लाई

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** बिजली कम्पनी की शहर प्रबंधक कुमारी पूजा जैन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आज दिनांक 22 जून को शहरीक्षेत्र के दोनों फीडरों की बिजली सप्लाई चार घण्टे बन्द रहेगी।उन्होंने बताया कि 11 केवी पर आवश्यक संधारण कार्य होने से सबलगढ़ शहर के सिटी फीडर प्रथम व द्वितीय की बिजली सप्लाई 11 बजे से तीन बजे तक बन्द रहेगी।आवश्यकतानुसार समय घटाया बढ़ाया जा सकता है।

# ग्राम भगुवापुरा में विधायक ने किया सीसी रोड का लोकार्पण, विकास निरंतर चलता रहेगा - सेंवढा विधायक श्री अग्रवाल



**दतिया।** पेयजल की उपलब्धता के लिए गांव-गांव नल जल योजना डालकर हर घर में शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। बिजली की उपलब्धता के लिए गांव-गांव विधुत सब स्टेशन बनाकर वोल्टेज की समस्या का निराकरण कर भरपूर बिजली प्रदाय की जा रही है। गांव-गांव में पक्की सड़कें डालकर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री सड़क योजना बनाकर अच्छे एवं सुगम पहुंच मार्ग बनाने का काम किया है प्रधानमंत्री आवास योजना देकर आवास हीन लोगों को पक्के घर देने का अभूतपूर्व कार्य किया वर्ष 2028 तक योजना पूर्ण होने पर लगभग सभी लोग जिनके पास पक्के घर नहीं है उनके पास खुद के पक्के घर होंगे प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान योजना चलाकर लोगों को 5 लाख तक का इलाज मुफ्त मुहैया कराने का अभूतपूर्व कार्य किया है। यह बात सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने ग्राम पंचायत भगुवापुरा में 7 लाख 80 हजार की लागत से सीसी रोड के लोकार्पण के समय बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होने कहा कि आपकी पंचायत में जो भी जनहित के कार्य आप लोगों द्वारा सुझाये जायेंगे उनको क्रमबद्ध रूप से पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विकास निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मुकेश चौधरी, श्री देवेश चौधरी के अलावा सर्वश्री अनूप दाँतरे, राम मिलन गुप्ता, प्रवीण गोस्वामी, मनमोहन दीक्षित, वीरू शर्मा, इंद्र पाल सिंह सरपंच, माधौ सिंह सरपंच, उत्तम सिंह राजपूत सरपंच, जितेंद्र शर्मा, संतोष महते, राजू कुशवाहा, हरी मोहन शर्मा,बललन गुप्ता, पवन पाठक, धर्मेन्द्र खडडर, विजय गुप्ता, कमलेश गुप्ता, राजपाल गुर्जर, प्रमोद राजपूत, रामस्वरूप राजपूत, रुस्तम कौरव, नीरू चौहान, राजा रजक, शायर अली आदि उपस्थित रहे। ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद राजपूत द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन श्री विजय सिंह धाकड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल पर सहभोज का आयोजन किया गया।

# योग जीवन को स्वस्थ रखता है- जयसिंह जादौन




(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**बीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महात्मा गांधी योग सेवा समिति द्वारा महात्मा गांधी सेवा आश्रम में कार्यक्रम रखा गया। जिसमें समाजसेवी जयसिंह जादोन ने बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है।जो शरीर को निरोग बनाता है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे जीवन जीने का अधिकार और भी मजबूत होता है। इसलिए, हमें अपने जीवन में योग को शामिल करके जीवन जीने के अधिकार को और भी गहराई से अनुभव करना चाहिए। योगगुरु रमेशचंद जैन ने कहाकि नियमित योग अभ्यास से शारीरिक लचीलापन, संतुलन और शक्ति में वृद्धि होती है। यह रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है। योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करके, हम जीवन जीने के अधिकार को मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर पर त्रिलोक सोनी, नरेंद्रसिंह चौधरी, राजेंद्र गुप्ता, महावीर गुप्ता, नमस्ते जी जस्तराम मीणा, देवऋषि मीणा, गणेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सुकन्या समृद्धि योजना कन्या अभिभावको के लिए वरदान, कलेक्टर ने की योजनान्तर्गत खाते खुलवाने की अपील

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जनहितकारी सुकन्या समृद्धि खाता योजना में सभी आम जनमानस, प्रबुद्ध नागरिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं, जन-प्रतिनिधियों, बेटियों के अभिभावकों, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया सहित अधिकारियों से सहभागिता एवं सहयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि, बेटी है जहां खुशियां है वहां, सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाएं घर-घर में खुशहाली लाएं की अवधारणा के साथ भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ के तहत बालिकाओं की उच्च शिक्षा तथा विवाह हेतु व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की गई है। उन्होने कहा कि कन्या अभिभावको के लिए यह योजना वरदान है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने इस योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा है कि इस योजना के अन्तर्गत जन्म से लेकर 10 वर्ष की आयु तक की बेटियों का खाता खुलवाया जा सकता है, जमाकर्ता बेटी के नाम से एक ही खाता खोल सकता है। माता-पिता या संरक्षक दो बेटियों के अलग-अलग एक खाता खोल सकते हैं, यदि जुड़वा बेटियां है तो जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर तीसरा खाता भी खोला जा सकता है, यह खाता एक वित्तीय वर्ष में 250 रूपये से शुरू किया जा सकता है। बच्ची की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने पर सुकन्या समृद्धि खाता में जमा राशि का 50 प्रतिशत राशि निकाली जा सकता है। बेटी की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने पर खाता परिपक्व होगा, बालिका का विवाह 18 वर्ष के बाद या 21 वर्ष के पहले होता है तो खाता बंद कर दिया जाएगा और ब्याज सहित समस्त रकम दे दी जाएगी। इस पर 8.2 प्रतिशत की दर से ब्याज राशि प्रदान की जाती है, यदि कोई व्यक्ति मात्र एक हजार रूपये मासिक जमा करता है तो 15 साल में 1 लाख 80 हजार रूपये की राशि जमा होगी, जिस पर 21 वर्ष के उपरांत परिपक्वता के समय 5 लाख 64 हजार 613 रूपये की राशि प्राप्त होती है। इसी प्रकार इस महत्वाकांक्षी योजना से आयकर में छूट का लाभ भी मिलता है और देश के किसी भी हिस्से में स्थानातांरित किया जा सकता है। खाता खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का फोटो पहचान पत्र, एड्रेस प्रूफ और माता-पिता की फोटो आवश्यक है।

खाते मे न्यूनतम 250 रूपये अधिकतम 01 लाख 50 हजार रूपये वार्षिक जमा किया जा सकता है। इस खाते की अवधि कुल 21 वर्ष है। कलेक्टर ने कहा है कि, अधिक जानकारी के लिए श्योपुर के डाक घर के कार्यालय पर्यवेक्षक, निरीक्षक डाक घर श्योपुर एवं विकास अधिकारी पोस्ट मास्टर श्योपुर तथा जिले के डाकघर के पोस्टर मास्टर से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सभी से इस महत्वाकांक्षी योजना में सहयोग एवं सहभागिता करने की अपील की है जिससे हर बेटी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें और आत्मनिर्भर हो सकें।

# धरती आभा अभियान के तहत आज 22 को इन ग्रामों में लगेंगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से धरती आभा अभियान अंतर्गत जिले के तीनों विकासखंड में 15 जून से 30 जून तक शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज 22 जून को श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम खिरखिरी, तलावडा, मेवाडा, कुण्डहवेली, तलावडा-1, कुंहाजापुर, प्रेमसर एवं विजरपुर में शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के ग्राम हीरापुर, टिकटोली, पतरवाडा एवं बर्धाखुर्द में भी शिविर आयोजित किये जायेगे। धरती आबा अभियान के तहत आज 22 जून को विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम कदवई, नितनवास, गसवानी, गोपालपुर, खितरपाल, रघुनाथपुर एवं पुरा में शिविर का आयोजन होगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री रिशु सुमन ने बताया कि शिविर के दौरान आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र, केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुद्रा ऋण सहित अन्य रोजगारमूलक योजनाओं में लाभ, पीएम मातृत्व योजना, आवास योजना आदि का लाभ प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा सहयोगी दल नियुक्त किये गये है।

# अवैध रेत खनन पर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह का आरोप, पुलिस-प्रशासन के संरक्षण में हो रहा है रेत का अवैध कारोबार



**भोपाल/भिंड ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गोविंद सिंह ने पुलिस और प्रशासन पर अवैध रेत खनन माफिया को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि भिंड जिले के लहार क्षेत्र में खुलेआम अवैध रेत का कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। डॉ. सिंह द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे पत्र (पत्र क्र. 23, दिनांक- 20.06.2025) में कहा गया है कि, ÷लहार क्षेत्र में इन दिनों पुलिस के संरक्षण में रेत माफिया खुलेआम रेत का व्यापार कर रहे हैं। लहार की गिरवासा व मटियावली रेत खदानों से सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन कर भरकर लहार में बारह हजार से पन्द्रह हजार रुपये तक बेच रहे हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि अवैध रेत बिक्री की जानकारी प्रशासन के साथ-साथ पुलिस को भी है, लेकिन वे कार्रवाई करने की बजाय माफियाओं को खुद संरक्षण दे रहे हैं। डॉ. सिंह ने उदाहरण देते हुए बताया, ÷सूरज ढलते ही श्यामपुरा और बराहा रोड पर सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध रेत भरकर दौड़ते नजर आते हैं और रात में सैकड़ों की संख्या में बड़े डंपर रेत भरकर उन्हें उत्तर प्रदेश में बेच रहे हैं। पूर्व मंत्री ने यह भी बताया कि जानकारी से पता चला है कि लहार क्षेत्र सहित संपूर्ण भिंड जिले की रेत खदानें पिछले डेढ़ वर्ष से बंद हैं और शासन द्वारा उन्हें अधिकृत तौर पर किसी को भी आवंटित नहीं किया गया है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस की इस मिलीभगत पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस प्रकार प्रशासन एवं पुलिस के संरक्षण में रेत माफिया लगातार अवैध उत्खनन कर रेत का विक्रय कर शासन को करोड़ों रुपयों की राजस्व हानि पहुंचा रहे हैं। डॉ. गोविंद सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन कर मनमाने दामों पर विक्रय कर आम जनता को लूटने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती है, तो कांग्रेस पार्टी प्रशासन एवं पुलिस के खिलाफ एक बड़ा जन आंदोलन करेगी।

# मीटर से छेडछाड कर विद्युत चोरी कर रहे उपभोक्ताओं पर हुई कार्यवाही

**दतिया।** सहायक यंत्री म.प्र.क्षे.वि वितरण कंपनी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दतिया शहर के अंतर्गत विद्युत कंपनी द्वारा माह मई में सघन चैकिंग अभियान में ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं के विरूद्ध जिनके द्वारा परिसर पर स्थापित मीटर से छेड़छाड़ कर रेजिस्टेंस लगवाकर विद्युत चोरी की जा रही थी। उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्यवाही कर उक्त मीटर सीज कर ग्वालियर लैब में निरीक्षण हेतु भेजा गया था। लैब में उक्त मीटरों की जांच संबधित उपभोक्ताओं के समक्ष कराए जाने पर मीटर में छेड़छाड पाई गई। जिसमें संबधित उपभोक्ताओं के विरूद्ध विद्युत चोरी का जुर्माना लगाया गया है एवं संबधित उपभोक्ताओं के विरूद्ध धारा 136 के तहत एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की गई। विद्युत विभाग द्वारा आठ उपभोक्ताओं पर उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया गया है उनमें अफरोज 88 हजार 622 रूपये, स्वामीशरण दांगी 49 हजार 212 रूपये, साहिर मसुद खान 58 हजार 126 रूपये, वासुदेव बरदानी 1 लाख 2 हजार 598 रूपये, प्रेमसिंह राजपूत 62 हजार 677 रूपये, किशोरी शरण 1 लाख 5 हजार 551 रूपये, पुरषोत्तम सोनी 39 हजार 416 रूपये, राजेश साहू 28 हजार 931 रूपये शामिल है।

## 29वी बटालियन में ग्यारहवां विश्व योग दिवस धूमधाम से मनाया गया

**दतिया।** आज शनिवार को पुलिस अधीक्षक एवं सेनानी श्री सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में 29वी बटालियन में विश्व योग दिवस गरिमा मय तरिके से मनाया गया। कार्यक्रम वाहिनी के ओडोटोरियम हाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लाईव प्रसारित उदबोधन से हुई। प्रातः 6:40 बजे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लाईव उदबोधन हुआ। जिसमें उन्होंने कहा कि बर्ष 2015 में भारत सरकार के प्रयास से सयुंक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाने का जो निर्णय लिया गया था तब अनवरत विश्व के सभी देशों में लगातार 11 बर्षो से विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। योग के द्वारा शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक उन्नति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रहीं। सभी अधिकारी कर्मचारियों ने लाईव प्रसारण में करवाई गई योगाभ्यास को किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस अवसर पर निरीक्षक श्री लखन लाल, श्री नंद किशोर पाण्डेय, क्वार्टर मास्टर श्री संतोष कुमार सेन, सुबेदार मेजर श्री सजल विदुआ, एमटीओ श्री हरदास सिंह, सहायक उपनिरीक्षक श्री जयशियाराम, श्री कमलेश प्रजापति, श्री महेश कुमार, श्री सगुन सिंह, श्री उत्तम शर्मा, श्री हीरा सिंह समेत वाहिनी के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शरीर को निरोग बनाता है योग -राजेन्द्र रावत




(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**बीरपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढर में बच्चों से योग करवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह रावत ने बच्चों को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग शरीर को निरोग बनाता है।इसलिए योग को नियमित दिनचर्या में सम्मिलित करना चाहिए।श्री रावत ने बताया कि योग करने की अनेक क्रियाएं व आसन होते हैं जिनको अपनाकर मनुष्य को अनेक बीमारियों से मुक्ति मिलती है तथा शरीर निरोग रहता है। कार्यक्रम उपरांत प्राचार्य द्वारा बच्चों को सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम करवा कर फल वितरित किए गए।

# योगमय हुआ ग्वालियर, जिले में भव्यता के साथ मना 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**ऐतिहासिक दुर्ग पर मंत्री श्री नारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन, समृद्ध व विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी योग अपनाएँ : मंत्री श्री कुशवाह, मंत्री श्री नारायण सिंह व सांसद श्री भारत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, योग से मन को शांति मिलती है और शरीर निरोगी रहता है : सांसद श्री भारत सिंह**



**ग्वालियर।** पूरे देश और दुनिया के साथ ग्वालियर जिले में भी 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गाँव-गाँव और शहर-शहर में सामूहिक योग कार्यक्रम हुए। ग्वालियर के ऐतिहासिक दुर्ग पर स्थित राजा मानसिंह तोमर के महल की आभा में उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण एवं सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह भी शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उदबोधन का सीधा प्रसारण भी हुआ। मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह व सांसद श्री भारत सिंह, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, सूचना आयुक्त श्री उमाशंकर पचौरी, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय व आईआईटीटीएम के निदेशक श्री आलोक शर्मा ने सामूहिक योगाभ्यास किया। साथ ही जनप्रतिनिधिगण, योग संस्थाओं से जुड़े नागरिक, विद्यार्थी, शिक्षक गण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सामूहिक योग में शामिल हुए। मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने इस अवसर पर कहा भारत के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पिछले 11 साल से पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा समृद्ध व विकसित भारत के निर्माण के लिये देश के हर नागरिक का शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जरूरी है। नियमित योगाभ्यास से यह संभव है।

इसलिए सभी लोग योग को अपनी दिनचर्या का अंग बनाएं। योग करने से हमें नई ऊर्जा मिलती है। योग से शारीरिक ही नहीं मानसिक मजबूती भी मिलती है। सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया ने योग को अपनाया है। यह हम सबके लिए खुशी की बात है। साथ ही कहा कि योग से मन को शांति मिलती है, बुद्धि का विकास होता है और शरीर निरोगी रहता है। इसीलिए योग को भी तपस्या व साधना कहा गया है। सूचना आयुक्त श्री उमाशंकर पचौरी ने कहा कि चित्त की वृत्तियों को शांत करना मानव जीवन का ध्येय होता है। योग के माध्यम से यह काम बखूबी ढंग से हो जाता है। योग से सम्पूर्ण जीवन पद्धति को सुव्यवस्थित ढंग से अपनाया जा सकता है और इससे चारों पुरुषार्थ अर्थ, धर्म, काम व मोक्ष प्राप्त किए जा सकते हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य विद्युत इंजीनियर गति शक्ति यूनिट झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (**ई-टेन्डरिंग**) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी/जी.एस.यू/ ई.एल.जी- 2025-08 | |
| **कार्य का नाम :** उत्तर मध्य रेलवे के झांसीमंडल में सी.पी.एम./जी.एस.यू./जेएचएस के स्थापना कार्यालय के लिए क्वार्टर संख्या सी-57 की मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु विद्युतीकरण कार्यों का प्रावधान। | |
| **अनुमानित लागत रू. :** 2218460.27 | **अमानत राशि रू. :** 44400.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथि :** 14.07.2025 | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 09 माह | |

- निविदा दिनांक 14/07/2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

1075/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



## क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान एवं एलएनआईपीई ने भी मनाया विश्व योग दिवस

**ग्वालियर।** क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान आमखो एवं लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ÷योग संगम÷ कार्यक्रम का आयोजन किया। यह सामूहिक योगाभ्यास एलएनआईपीई के इनडोर खेल परिसर में भव्यता के साथ किया गया। एल.एन.आई.पी.ई. की कुलपति प्रो. कल्पना शर्मा एवं क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. बी.एस. सिसोदिया सहित मंच पर आसीन सभी अतिथियों नें अपने सम्भाषण में योग के लाभों पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने कहा दैनिक जीवन में योग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाये जाने का महत्व इसलिए भी है कि उत्तरी गोलार्ध में सूर्य की किरणें सबसे अधिक समय तक पृथ्वी पर पड़ती हैं वह दिन 21 जून है और यह दिन साल का सबसे लंबा दिन होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं.-CEN-2025-26-07 दिनांक - 19.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजी0/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 23.07.2025 के समय 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| **निविदा सूचना सं. :** CEN-2025-26-07 | **अनुमानित मूल्य (रू.) :** Rs.62.63 lakh (approx.) |
| **कार्य का विवरण :** खैरार-मानिकपुर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत बांदा-खुरंद खंड में नवनिर्मित दोहरीकरण ट्रैक का 18 महीने तक रखरखाव। | |
| **बोली प्रतिभूमि (रू.) :** (Rs.) 125300/- | **कार्य समापन की अवधि :** 18 माह |
| **निविदा बंद करने की तिथि और समय :** 23.07.2025 15:00 बजे | |
| **निविदा खुलने की तिथि :** 23.07.2025 15:30 बजे | |
| **निविदा का प्रकार :** ओपेन टेण्डर (एकल पैकेट प्रणाली) | |

**नोटः-** 1.उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **15.00** बजे तक निविदा भरने की तिथि दिनांकः **23.07.2025** तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act-2000 के अर्न्तगत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** बोली प्रतिभूमि या तो ई-भूगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज में दिये गये अनुलग्नक - वीआईए के अनुसार होगा और बोल बैधता अवधि से परे **90** दिनों की अवधि के लिये बैध होगा। **4.**निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **5.** निविदा की राशि **10 करोड़** से अधिक होने पर संयुक्त उद्यम (जे.वी) / Consortiums/MOUs पर विचार किया जायेगा। **6.**संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **7.** सभी निविदाओं हेतु निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **8.** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित योग्यता/ मानदण्डों को पूरा करने के दावे के समर्थन में अपलोड किये गये दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपिकी पृष्ठ को टेण्डरर फर्म के निविदाकार या अधिकृति प्रतिनिधि द्वारा स्वयं प्रमाणित/डिजिटल हस्ताक्षरित किया जायेगा। स्वयं प्रमाणन में हस्ताक्षर, मोहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) अंकित होनी चाहिये। केवल वे दस्तावेज जिन्हें निविदाकार द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि निर्धारित पात्रता मानदण्डों की अर्हता प्राप्त करने के दावे का समर्थन करने वाले दस्तावेज को ही उनकी निविदा का मूल्यांकन करने के लिये विचार किया जायेगा। निविदाकार द्वारा दी गयी किसी भी गलत जानकारी के मामले में अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा एवं बोली प्रतिभूति, परफारमेंस गारण्टी और सिक्योरिटी डिपाजिट जब्त कर ली जायेगी और भारतीय रेलवे में एजेंसी पर 5 (पाँच) वर्ष तक कोई भी व्यवसाय करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जायेगा। **9.**सरकारी अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी जी.एस.टी अधिनियम और सरकार/सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा समय समय पर जारी किये गये नियम लागू होंगे। **10.**किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **11.**निविदा आनलाइन दिनांकः **23.07.2025** को समय **15.30** बजे तक सबमिट किया जा सकता हैं तथा निविदा **15.30** बजे उसी दिन खोली जायेगी।

1067/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# नगर निगम द्वारा तरणतालों को बंद कराए जाने की कार्रवाई शुरू, ए. पी. रिजॉर्ट में स्थित तरणताल को बंद कराया गया। 15 दिवस पूर्व जारी किया गया था नोटिस।



**ग्वालियर।** श्री सत्यपाल सिंह चौहान, उपायुक्त सह नोडल अधिकारी, खेल विभाग के निर्देशन में शंकरपुर स्थित ए.पी. रिजॉर्ट अंतर्गत संचालित तरण ताल को बंद कराया गया। नगर निगम सीमांतर्गत संचालित समस्त तरण तालों (शासकीय अथवा अशासकीय) को मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी मापदंडों की पूर्ति कराकर नगर निगम, ग्वालियर द्वारा पंजीकृत कराए जाने हेतु परिषद द्वारा ठहराव पारित किया गया है। उक्त के क्रम में ए. पी. रिजॉर्ट के संचालक श्री पवन पाठक को दिनांक 05.06.2025 को नोटिस जारी किया गया, जिसके क्रम में समस्त मापदंडों की पूर्ति उपरांत तरणताल का पंजीयन कराए जाने तक तरणताल का संचालन बंद करने हेतु सूचित किया गया किंतु उक्त नोटिस के बाद भी तरणताल का संचालन जारी रहा जिसके क्रम में कार्यवाही कर तरणताल को खाली कराकर बंद कराया गया एवं संचालक को सूचित किया गया कि वह मापदंडों की पूर्ति होने तथा तरणताल का पंजीयन होने तक संचालन बंद रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान सहायक खेल अधिकारी श्री अयोध्याशरण शर्मा एवं श्री जितेंद्र यादव, मदाखलत निरीक्षक श्री आजाद खान उपस्थित रहे।

# सामुदायिक भवन से हटाया अवैध कब्जा



**ग्वालियर।** नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा निगम की संपत्तियों पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया। नोडल अधिकारी राजस्व श्री अनूप लिटोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम संपत्तियों पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में आज शनिवार को जॉन 9 वार्ड नं 26 खटीक मोहल्ला में सामुदायिक भवन को कब्जा मुक्त कराकर चाबी प्राप्त की एवं भवन के अंदर साफ सफाई की गई। कार्यवाही के दौरान प्रभारी सहायक कार्यालय अधीक्षक श्री आनंद यादव ओर राजस्व टी सी श्री देवेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

# महिला पतंजलि योग समिति ने किया सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन

**योग निरोगी रहने का सबसे बडा माध्यम है - पूर्व सांसद श्री शेजवलकर**



**ग्वालियर।** विश्व योग दिवस पर शहर के साथ-साथ दूरस्थ ग्रामीण अंचल तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी क्रम में पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर के मुख्य आतिथ्य में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शूजाबाद धर्मशाला में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री शेजवलकर ने कहा कि योग निरोगी रहने का सबसे बड़ा माध्यम है। हम अपनी दिनचर्या में कुछ समय निकालकर योग कर अपने को स्वस्थ रख सकते हैं। श्री शेजवलकर ने कहा कि महिला पतंजलि योग समिति द्वारा लेडिज पार्क छत्री बाजार में जो निश्शुल्क योग शिविर चलाकर योग शिक्षका अमिता त्रिपाठी सराहनीय कार्य कर रही हैं। शिविर का शुभारंभ श्री विवेक शेजवलकर, महिला पतंजलि योग समिति की संरक्षिका श्रीमती सुमन अग्रवाल व पार्षद श्रीमती ममता अजय तिवारी एवं योग शिक्षिका श्रीमती अमिता त्रिपाठी व श्रीमती गायत्री शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



# युवा भाजपा नेता राहुल पचौरी का जन्मदिन मुरैना में धूमधाम से मनाया गया

**मुरैना,कांस।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता राहुल पचौरी का जन्मदिन आज जीवाजीगंज, मुरैना में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा साथी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने राहुल पचौरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जन्मदिन समारोह का आयोजन जीवाजीगंज स्थित पार्क में किया गया था, जहाँ सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगना शुरू हो गया था। इस दौरान केक काटकर खुशियाँ मनाई गईं और सभी ने राहुल पचौरी के दीर्घायु होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में आशीष मिश्रा, वेदप्रकाश पचौरी, कौशल डंडोतिया, शुभम डंडोतिया, सोनू पचौरी, रामनरेश शर्मा, संजय राठौर, ढोलू मुदगल, जानू डंडोतिया, हैप्पी पाठक, शुभम उपाध्याय, भरत पवैया, सूरज पेडूलकर, और सूरज जैन शामिल थे। इन सभी ने राहुल पचौरी को गुलदस्ते भेंट किए और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में बोलते हुए, विभिन्न वक्ताओं ने राहुल पचौरी के पार्टी के प्रति समर्पण, उनकी कर्मठता और युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राहुल पचौरी युवा मोर्चा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और क्षेत्र के विकास तथा पार्टी के विस्तार में उनका योगदान सराहनीय है। राहुल पचौरी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे हमेशा जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना और क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान देना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी और संगठन द्वारा दी गई हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। यह जन्मदिन समारोह राहुल पचौरी की लोकप्रियता और पार्टी के भीतर उनके मजबूत स्थान को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

# जिला न्यायालय में भी हुआ 11वे विश्व योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन

**आत्मा व शरीर को संतुलित करने की जीवन शैली है योग : प्रधान न्यायाधीश श्री ललित किशोर**



**ग्वालियर।** नवीन जिला न्यायालय परिसर में भी उत्साह व गरिमा के साथ 11वाँ विश्व योग दिवस मनाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ललित किशोर के मुख्य आतिथ्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्री राम हॉस्पिटल, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व योग दिवस पर योग के रूप में स्वास्थ्य और मानसिक शांति का समागम देखने को मिला। इस आयोजन में न्यायिक अधिकारी, शहर के वरिष्ठ चिकित्सक तथा समाजसेवी संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री ललित किशोर ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन बताया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम ही नहीं, बल्कि आत्मा और शरीर को संतुलित करने की एक जीवनशैली है। समाज में योग का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान भी उन्होंने इस अवसर पर किया। कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंघल ने योग के वैज्ञानिक पक्ष को रेखांकित करते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से अनेक रोगों की रोकथाम की जा सकती है। विशेष अतिथियों में डॉ. पुनीत रस्तोगी व डॉ. प्रिया रुनवाल शामिल रहे। दोनों अतिथियों ने योग के माध्यम से हृदय रोगों और महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार की दिशा में योग के प्रभावशाली योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में स्पेशल जज ऑफ़ ग्वालियर श्री ऋतुराज सिंह चौहान, सीनियर जज ऑफ़ ग्वालियर श्री अनुज मित्तल, डॉ अमोल सिंघल, राजकुमार शर्मा, डॉ गिरीश पाल, राजकुमार यादव, अन्य न्याधीशीशगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे । इस भव्य आयोजन में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त योग प्रशिक्षक एवं %अटल गौरव सम्मान% से सम्मानित श्री अखिलेश पचौरी ने विशेष योग सत्र का संचालन किया। उन्होंने वहां उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम की तकनीकों का अभ्यास कराया। योग सत्र में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति का अनुभव किया। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री प्रियांक भारद्वाज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर ने कहा कि आज का दिन भारत की सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक स्वास्थ्य चेतना का प्रतीक है। योग न केवल हमें रोगमुक्त बनाता है, बल्कि सामाजिक समरसता की भावना को भी मजबूत करता है। पूरे आयोजन का प्रबंधन एवं संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से श्री हरीश पाल और सुश्री विभा भदौरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें रक्तचाप, शुगर इत्यादि संबंधी जांचों की सुविधाएं प्रदान की गईं।

**केन्द्रीय जेल में भी मना योग दिवस**

इसके अतिरिक्त योग दिवस के अवसर पर केंद्रीय जेल ग्वालियर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर के सहयोग से योग दिवस का आयोजन किया गया। शिविर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल से डिप्टी चीफ श्री प्रवीण मित्तल एवं श्री ओमप्रकाश भार्गव, केंद्रीय जेल ग्वालियर के अधीक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## आपदाओं को लेकर प्रशासन अलर्ट, कंट्रोल रूम सहित अधिकारियों के नंबर जारी

**विजयपुर।** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। तहसील बीरपुर के तहसीलदार कार्यालय द्वारा आम नागरिकों के लिए एक प्रेस नोट जारी करते हुए बाढ़ सहित अन्य आपदाओं की स्थिति में त्वरित सूचना देने की अपील की गई है। साथ ही बताया गया है कि आगामी दिनों में कभी भी बाढ़ या अन्य प्रकार की प्राकृतिक आपदा घटित हो सकती है। ऐसी किसी भी आपदा के घटित होने या उसके संकेत मिलने पर नागरिकों से अपील की गई है कि वे तुरंत तहसील कार्यालय बीरपुर में स्थापित कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8103459767 पर संपर्क करें, अथवा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विजयपुर 8959850320, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), विजयपुर 9425759335, तहसीलदार, तहसील बीरपुर 8349288723, नायब तहसीलदार, रघुनाथपुर 6263343911, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत विजयपुर 9754720994, थाना प्रभारी, बीरपुर 7049157404, थाना प्रभारी, रघुनाथपुर 9074208652, थाना प्रभारी, ओछापुरा 9575047042 इन नम्बरों पर सूचना दे सकते है। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा की सूचना शीघ्र दें, ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके।

# नेशनल हाईवे 44 पर पलटा टमाटर से लदा ट्रक, चालक घायल



**मुरैना,कांस।** शनिवार शाम लगभग 5 बजे, एनएच 44 पर राजपूत होटल के पास रॉयल रेजिडेंसी के सामने एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। टमाटर से लदा एक 10-चक्का ट्रक नेशनल हाईवे पर पलट गया, जिससे सड़क पर भारी मात्रा में टमाटर बिखर गए। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक आकाश पुत्र धर्मवीर, निवासी सिरोल, इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आकाश बेंगलुरु से आगरा टमाटर की मंडी ले जा रहे थे। हादसे के बाद, ट्रक में भरा लगभग 17 टन टमाटर सड़क पर फैल गया, जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपये और मात्रा 800 कैरेट बताई जा रही है। घटना स्थल पर तुरंत बचाव कार्य शुरू किया गया। हालांकि यह एक गंभीर दुर्घटना थी, लेकिन समय रहते बचाव कार्य और स्थानीय लोगों की मदद से एक बड़ा हादसा टल गया।

## विधायक सरला रावत के मुख्यातिथ्य में योग शिविर आयोजित



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर सांदीपनि विद्यालय' सबलगढ़ में योग शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें सबलगढ़ की लोकप्रिय विधायक श्रीमती सरला रावत मुख्यअतिथि थी।इस अवसर पर उन्होंने योग भी किया।श्रीमती रावत ने कहाकि योग शरीर, मन और आत्मा का सामंजस्य है, जो जीवन में संतुलन और शांति लाता है।उन्होंने सभी नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।योग शिविर में प्राचार्य ब्रह्मानन्द शर्मा,बीईओ बीआरसीसी सहित बच्चे व स्टाफ मौजूद रहे।

# समाज और राष्ट्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है शिक्षा : पाण्डेय



**ग्वालियर।** शिक्षा का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। शिक्षा न केवल व्यक्ति के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ाती है बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है। यह बात स्कूल शिक्षा मप्र के संयुक्त निदेशक दीपक पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति ज्ञान, मूल्य और कौशल प्राप्त करता है, जो हर इंसान को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाता है। शिक्षा न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करती है, बल्कि जीवन में सही निर्णय लेने और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी विकसित करती है। श्री पाण्डेय आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईकॉम सेंटर पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि काम का दायरा असीमित है। दसों काम हो जाते हैं और यह बड़ी उपलब्धि है लेकिन कभी-कभी होता यह है कि कुछ काम न हो पाए तो उसकी चर्चा ज्यादा होती है। बता दें, श्री पाण्डेय का भोपाल स्थानांतरण हो गया है। उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहर के विशिष्टजनों ने उन्हें श्रीफल व शॉल से सम्मानित किया। इससे पहले डॉ. केशव पाण्डेय ने दीपक पाण्डेय के संयुक्त निदेशक के पद पर रहते ग्वालियर के लिए उनके द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दीपक पाण्डेय ने बहुत कम उम्र में बहुत सारी उपलब्धियां अर्जित कर लीं। अब वे नई जिम्मेदारियों को लेकर भोपाल पहुंचे हैं। वे संभाग से आगे बढ़कर पूरे प्रदेश को अपना अनुभव व कौशल प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेंगे। शिक्षाविदों में ऋषिकेश वशिष्ठ, चंद्रशेखर शास्त्री, भगवान स्वरूप चैतन्य व अजय शर्मा ने भी योग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मध्य में श्री पाण्डेय ने योग के क्षेत्र में कार्य कर रहे योग शिक्षकों व योगविदों को प्रमाण पत्र सौंपकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन महेश मुदगल ने किया जबकि आभार व्यक्त किया सुरेंद्र पाल ने। इस अवसर पर एमडी पाराशर, आलोक द्विवेदी, पुरुषेत्तम पाण्डेय, अरविंद जैमिनी, राजेंद्र मुदगल, सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश मुदगल ने किया। व अंत मे सुरेन्द्र पाल सिंह कुशवाह द्वारा उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त किया गया।

## नाम परिवर्तन की सूचना

सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि कि पूर्व में मेरा नाम जीजा बाई इंगले पुत्री श्री मोहन राव इंगले था विवाह उपरान्त मैं श्रीमती जीजा बाई गायकवाड पत्नी श्री शंकर राव गायकवाड के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ उपरोक्त वर्णित नाम मेरे ही होकर एक ही व्यक्ति के नाम है। यही परिवर्तित नाम मेरे आधार कार्ड एवं शासकीय, अशासकीय दस्तावेजो में मेरा परिवर्तित नाम श्रीमती जीजा बाई गायकवाड पत्नी श्री शंकर राव गायकवाड के नाम से जानी व पहचानी व लिखा पढा दर्ज किया जाये।

प्रार्थिनी
**जीजा बाई गायकवाड**
पत्नी श्री शंकर राव गायकवाड
आपागंज, माता मंदिर, पुलिस चौकी के पास,
लश्कर, ग्वालियर म.प्र.

## संपादकीय

# हिंसक होते प्रदर्शन

मणिपुर में इम्फाल जिले के क्वाकेथेल सिंगजामेई में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हुई। तुलिहाल के उप-विभागीय कलेक्टर कार्यालय को जलाये जाने से सरकारी रिकॉर्ड नष्ट हुए और इमारत को भी नुकसान हुआ। मैतई संगठन अरम्बाई तेंगोल के नेता कानन सिंह समेत चार की गिरफ्तारी का बाद निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए रात भर मशाल जुलूस निकाला। महिला समूहों ने भी इस प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों की आवाजाही में अवरोधक बनाए, सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए और जगह=जगह टायरों को जलाया। हिंसक होते प्रदर्शन को रोकने के लिए इम्फाल पश्चिम व पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर, काकचिंग जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई। मई 2023 से मैतई और कुकी के दरम्यान चलल रही जातीय हिंसा में ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। राज्य विधानसभा के निलंबन के बाद से 13 फरवरी से राज्य में राष्ट्रपति शासन के अधीन है। स्थानीय जनता तत्काल सरकार के गठन की मांग कर रही है। सीबीआई विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के चलते गिरफ्तारियां भी कर रही है। केंद्र द्वारा जून 2023 में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था। उसी साल अगस्त में सबसे बड़ी अदालत ने राज्य की संवैधानिक मशीनरी के पूरी तरह ध्वस्त होने की बात भी की थी। बावजूद इसके केंद्र सरकार का रवैया मणिपुर को लेकर बेहद शर्मनाक है। बेघर हो रही स्थानीय जनता आस-पास के राज्यों में पलायन करे मजबूर है। रोजगार संकट बढ़ता ही जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था चरमारा चुकी है। कुकी और मैतई संघर्ष नया नहीं है मगर उसे सुलझाने या शांत करने में केंद्र को जैसी महती भूमिका निभानी चाहिए। उसके प्रति वह उपेक्षा भाव अपनाए है। पूर्वोत्तर राज्यों का यह आरोप है कि उनको समुचित सम्मान नहीं दिया जाता और हमेशा उनके साथ पक्षपात भरा बर्ताव होता है। केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे के बावजूद उम्मीद की जा रही थी कि प्रधानमंत्री वहां का दौरा करें मगर विपक्ष के लगातार कटाक्ष के बावजूद नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर की अशांति पर कभी विचार तक नहीं प्रकट किए। प्रदेशवासियों की संवेदनाओं का ख्याल रखते हुए शांति बहाली के प्रति कड़े कदम उठाने चाहिए। देश की अखंडता के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही गलत संदेश दे सकती है। जरूरी है, केंद्र को अपने रवैये में लचीलापन लाते हुए दूरदर्शितापूर्ण नजर आना होगा।

# नमूने इधर भी हैं, उधर भी

(सुधाकर आशावादी -विनायक फीचर्स)



जिसकी अपनी कोई इज़्ज़त नहीं, वह दूसरों के मान अपमान को भला क्या समझे। सार्वजनिक क्षेत्र में अक्सर ऐसे प्रसंग घटित होते रहते हैं। जब बिना किसी कारण के लोग एक दूसरे पर कीचड़ उछालते रहते हैं। अपशब्द कहना और बात बेबात गालियां देना फैशन बन गया है। यूँ तो किसी ने किसी को गाली दी। किसी पर कोई फर्क नही पड़ा। राह चलते कोई परेशान आत्मा क्यों किसी को गाली दे रही है? इससे किसी को भला कैसा सरोकार। सच तो यह है कि बेशर्म चिकने घड़े अपने आप को शब्दों की मर्यादा में रख नहीं पाते। यूँ भी कह सकते हैं, कि जिन्हें शब्दों के गरिमा के अनुकूल भावों का ज्ञान होगा, वही तो शब्दों की महत्ता को समझेंगे । जिन्हें येन केन प्रकारेण किसी राजनीतिक दल में कोई ओहदा मिल गया हो, वे ओहदे की मर्यादा ही नही जानते, तो शब्दों की मर्यादा भला कैसे जानेंगे । सार्वजनिक क्षेत्र में नेताओं की हालत किसी से छिपी नही है। स्थिति इतनी विकट है कि यदि उन्हें नित्य ही मीडिया में अच्छी कवरेज नहीं मिलती, तब वे पगला जाते हैं तथा महसूस करने लगते हैं कि वे सियासत की गलियों में गुम होते जा रहे हैं । उनके सम्मुख पहचान बनाए और बचाए रखने का संकट उपस्थित हो चुका है, उपेक्षित नेता के लिए यह स्थिति जीवन मरण का प्रश्न बन जाती है। जो उन्हें अनर्गल बयानबाजी करने के लिए विवश कर देती है। मसलन एक सज्जन ने रण भूमि में शौर्य का प्रदर्शन करने वाली वीरांगना पर ही सवाल खड़े कर दिए। उसकी निष्ठा पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया। दूसरे खिसियाए हुए सज्जन भी भला क्यों पीछे रहते । वे पहले सज्जन से भी दो कदम आगे निकल गए। किसी वीरांगना को उसकी जातीय पहचान बताकर कमतर आंकने पर उतारू हो गए। उसके प्रति ऐसे शब्दों का प्रयोग कर दिया, जो आपराधिक श्रेणी में आते हैं। बहरहाल जब से सोशल मीडिया प्रभाव में आया है, तब से सस्ती लोकप्रियता के लिए बंदा किसी भी अपशब्द बोलने या किसी असामाजिक कृत्य का प्रदर्शन करने पर शर्मिंदा नहीं होता। कुछ नमूने ऐसे भी होते हैं, जो किसी खिलाड़ी के खेलों में प्रदर्शन को लेकर उस खिलाड़ी को ही अपनी संकीर्णता के पिटारे में बंद करने पर आमादा हो जाते हैं। खिलाड़ी के कौशल की प्रशंसा न करके उसे अपनी जाति के प्रतिनिधि तक ही सीमित कर देते हैं। खिलाड़ी तो खिलाड़ी, प्रशासनिक अधिकारी, न्यायिक अधिकारी का सरनेम देखकर ही बल्लियों उछलने लगते हैं कि उनकी बिरादरी का प्रतिनिधि ख़ास कुर्सी पर विराजमान हो गया है। अपने एक पत्रकार मित्र हैं, अपनी जाति के प्रति लगाव इतना अधिक है, कि जैसे ही उन्हें भनक लगती है, कि उनकी बिरादरी के किसी भी सदस्य ने कोई उपलब्धि प्राप्त की है, तो वह उसका प्रचार सगर्व करते हैं। इसी प्रकार किसी खिलाड़ी की उपलब्धि को बिरादरी की उपलब्धि बताकर ऐसा जताते हैं, कि जैसे उसे और उसके कौशल को किसी ने काल कोठरी में बंद कर के रखा हो। उसे उसकी इच्छानुसार अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर न प्रदान किया गया हो ।


विचित्र स्थिति है,चुनाव हारो तो इल्ज़ाम व्यवस्था पर लगा दो, फेल हो जाओ तो परीक्षक को दोषी ठहराओ कि परीक्षक ने परीक्षार्थी के भाव नहीं समझे, परीक्षार्थी के ज्ञान को समझा ही नहीं। बहुत से बड़बोले अपने आप पर इतना विश्वास करते हैं कि वे कुछ भी बोलना अपना अधिकार समझते हैं। वे जानते हैं कि जनता की याददाश्त बहुत कमजोर है। वह व्यक्तिगत दुर्भावना को सम्मान नहीं देती। ऐसे नमूने चर्चा में रहने के लिए किसी भी रूप में सार्वजनिक क्षेत्रों में भ्रमण करते देखे जा सकते हैं। ये नमूने मासूम सरीखा व्यवहार करके उछल कूद इसलिए मचाते हैं , ताकि कोई इनकी ओर ध्यान दे। स्थिति विचित्र है । यदि कोई इनके कृत्यों और इनके वचनों पर क्रुद्ध होकर इनके विरुद्ध खड़ा होता है, तो ये तुरंत गिरगिट की तरह रंग बदलने में ही अपनी भलाई समझकर क्षमा दान माँगने लगते हैं । ऐसे नमूनों से कैसे निपटना चाहिए। यह लम्बी बहस का विषय है। फिर भी ऐसे नमूनों की मानसिक विकृति का उपचार किसी मानसिक रोग विशेषज्ञ के माध्यम से कराए जाने की सिफारिश तो की ही जा सकती है।

## शब्द सामर्थ्य -086

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 085 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## साँप-सीढ़ी

(सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)

जीवन में संघर्ष है कितने
साहस का है कितना खेल
जीवन का सच समझाता
साँप सीढ़ी का अद्भुत खेल।


समृद्धि की सीढ़ी चढ़ते
पासों की गिनती से सारे
और कभी उन्नत शिखर से
धरती पर गिर कर के हारे।

कर्म भाग्य का खेल निराला
साँप सीढ़ी ही है सिखलाती
कभी उन्नति का मार्ग बनाती
कभी पतन का मुँह दिखलाती।

साँप सीढ़ी की सीख यही है
जीवन में नित आगे बढ़ना
बाधा चाहें जितनी भी आएँ
गिरना और गिर कर संभलना।

# बचपन की झिझक: संकोच नहीं, संवाद चाहिए

(डॉ फ़ौज़िया नसीम शाद-विभूति फीचर्स)



जब बच्चों की ख़ामोशी उनकी कहानी कहती है, तो ज़रूरत होती है सिर्फ़ एक भरोसेमंद सुनने वाले की। संकोच की दीवारें अपने आप ढह जाती हैं। बच्चा तभी बोलेगा जब वह सुना जाएगा और जब वह बोलेगा, तो यक़ीन मानिए - वो ख़ुद को पाएगा। ज़रूरत बस उसे समझने की है।

आज का दौर और बच्चों की संकोची प्रवृत्ति

आज इंटरनेट और स्मार्ट तकनीक के दौर में जहाँ अधिकांश बच्चे स्मार्ट, सोशल और एक्टिव दिखते हैं, वहीं कुछ नन्हें मन ऐसे भी हैं जो चुप हैं, झिझके हुए हैं अपने भावों में उलझे, अपने शब्दों से अनजान। उनका संकोची स्वभाव न सिर्फ़ उनके विकास में बाधा बनता है, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति की उनकी स्वाभाविक क्षमता को भी सीमित कर देता है।

**संकोच आता कहाँ से है?**

संकोच अकसर किसी मज़ाक, तुलना, अनसुनी बात या उस डर से उपजता है जो बच्चा खुद भी ठीक से समझ नहीं पाता। यह एक भावनात्मक असुरक्षा है जिसे समय रहते पहचाना और संभाला न जाए तो यह बच्चे के आत्मविश्वास को कमज़ोर कर देता है।

**मनोविज्ञान क्या कहता है?**

बच्चों का शर्मीलापन अक्सर उनकी आंतरिक असुरक्षा और आत्म-संकोच का परिणाम होता है। यह उनकी सामाजिक क्षमता और शैक्षणिक प्रदर्शन दोनों पर असर डाल सकता है। माता-पिता और शिक्षक अगर समय रहते सही दिशा में प्रयास करें, तो यह दीवार ढहाई जा सकती है।

**4 वैकल्पिक तरीके सिखाएँ**

**बच्चे से कहें-**

*"जब तुम्हें गुस्सा आए, तो गहरी सांस लो।",
*"कुछ देर चुप बैठो।÷,
*"अपने खिलौने को ज़ोर से पकड़ो लेकिन किसी को चोट मत पहुँचाओ।÷

बात खत्म होने के बाद संवाद ज़रूरी है

जब बच्चा शांत हो जाए, तब प्यार से बात करें-

"गुस्सा आना ठीक है, लेकिन ज़रूरी है कि हम उसे सही तरीके से दिखाएँ।"

यह आत्मनियंत्रण की दिशा में पहला कदम होगा।

**इनसे बचें**

*"गुस्से के बदले गुस्सा दिखाना।
*"सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना।
*"बार-बार "तुम हमेशा ऐसे हो" कहना।
*"गुस्सा करने वाला बच्चा अक्सर सबसे ज़्यादा समझा जाना चाहता है। एक बच्चा जो बार-बार गुस्सा करता है, वह शायद भीतर से टूटा हुआ, उपेक्षित या असुरक्षित महसूस कर रहा है। यदि हम उसे यह भरोसा दे दें कि वह जैसा भी है स्वीकार्य है, तब वह धीरे-धीरे गुस्से की भाषा छोड़कर संवाद की भाषा अपनाना सीखता है। बच्चों को गुस्सा करना सिखाना नहीं है, बल्कि उसे स्वस्थ रूप में प्रकट करना सिखाना है। सज़ा नहीं, सहारा चाहिए। डांट नहीं, दिशा चाहिए। ताकि वह गुस्से की आग में नहीं, रिश्तों की रोशनी में बड़े हों।

# राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपने विशेष कार्यों पर फोकस रहने से सफलता मिलेगी। अपनी ऊर्जा और शक्ति बढ़ाने के लिए अच्छे साहित्य और आध्यात्मिक कार्यों में रुचि लें। इससे आपके व्यक्तित्व में आश्चर्यजनक बदलाव होंगे। खास लोगों के साथ संपर्क स्थापित होगा। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों मे ही दिन बीत जाएगा। कोई भी विशेष निर्णय लेने से पहले उससे संबंधित सभी पहलुओं पर उचित सोच-विचार अवश्य करें। अपनी क्षमता से अधिक कार्य भार ना लें, अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में आवेश में आने की बजाय धैर्य और संयम से समाधान निकालें, क्योंकि नजदीकी मित्र या संबंधी के साथ लेनदेन को लेकर कुछ दिक्कतें आएंगी। अनजान लोगों के साथ अपनी गोपनीयता उजागर न करें। आपका कोई नुकसान हो सकता है। कारोबारी गतिविधियों में बहुत ध्यान देने की जरूरत है। घर में खुशनुमा वातावरण बना रहेगा। आपके अथक प्रयासों से गतिविधियों में कुछ सुधार होगा। अपने प्रत्येक कार्य को गंभीरता से पूरा करने का प्रयास करें, शुभ परिणाम की प्राप्ति होगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यवहारिक बनें, इमोशनल स्वभाव में बदलाव करना चाहिए। दूसरों के मामलों में दखलंदाजी करने की बजाय अपने कार्यों पर ही ध्यान दें, क्योंकि इसका दुष्प्रभाव आपके ऊपर ही आएगा। सरकारी कार्यवाही चल रही है, तो उससे संबंधित समाधान मिलने की संभावना है। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान देने से उनका मनोबल बढ़ेगा। इसलिए उनके साथ कुछ समय व्यतीत करना उचित रहेगा। महिलाएं आज खुद के लिए थोड़ा सा वक्त निकालेंगी और इंजॉय करेंगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपनी योजनाओं को कार्य रूप देने से पहले उस पर अच्छी तरह सोच-विचार जरूर करें। आज स्वभाव में अहम की भावना ना आने दें। कारोबारी मामलों में दिक्कत रहेगी, लेकिन आप उसको किसी की मदद से सुलझाने का प्रयास करेंगें। खुद को साबित करने के लिए बहुत संघर्ष और मेहनत की जरूरत है। आज व्यवसायिक संपर्कों को और मजबूत करें। किसी महत्वपूर्ण या राजनीतिज्ञ से मुलाकात फायदेमंद होगी। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेगी, लेकिन विरोधियों की गतिविधियों पर नजर रखें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज सभी काम अपनी देखरेख में ही करवाएंगे, तो सब ठीक से हो जायेगा। कर्मचारियों और स्टाफ के साथ सहयोगात्मक व्यवहार करने से उनकी कार्य क्षमता बनी रहेगी। व्यवसायिक कार्यों में किसी भी प्रकार का रिस्क लेने का प्रयास न करें। व्यवसाय में किसी के साथ भी कोई डील या लेनदेन करते समय बहुत अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। हालांकि आपको फायदेमंद अनुबंध मिलने वाले हैं। आज पारिवारिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए परिजनों के साथ सकारात्मक विचार विमर्श होंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। दूसरों के व्यक्तिगत मामलों से खुद को दूर रखें। वरना इसका नकारात्मक असर आपकी पारिवारिक व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। परिस्थितियों को सुलझाने के लिए धैर्य और संयम से काम लें, अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है। निजी वजह से बिजनेस पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। इसका नकारात्मक असर आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था पर पड़ सकता है। आज शांतिपूर्ण तरीके से समस्या को सुलझाने का प्रयास करें। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने किसी विशेष प्रयास में मनमुताबिक सफलता मिलने वाली है। विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय अवश्य बिताएंगे, इससे आपको मानसिक सुकून और शांति मिलेगी। इस समय व्यवसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। सरकारी सेवारत लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज संतुलित और सुव्यवस्थित कार्य प्रणाली बनाए रखने से दिनचर्या सहज व्यतीत होगी। आज किसी प्रभावशाली और वरिष्ठ व्यक्ति के सानिध्य में बेहतरीन जानकारियां मिलेंगी। इससे आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार होगा। आज घर में जो सुधार की योजनाएं बन रही थी, उन्हें क्रियान्वित करने से पहले बजट का ध्यान रखना भी जरूरी है। आज व्यवसाय संबंधी किसी काम में अपनी योग्यता और कार्यक्षमता पर ही भरोसा रखें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय की कार्यप्रणाली बहुत ही आसान रहेगी। किसी लक्ष्य को हासिल करने में सफलता मिलेगी, लेकिन किसी कर्मचारी की सलाह पर भी ध्यान अवश्य दें। इस समय अपनी कार्य प्रणाली में किए गए बदलाव का उचित परिणाम मिलेगा। आज प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनेंगे। जिससे आपको बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आज काम समय पर पूरा करना आपकी काबिलियत पर निर्भर करता है। सरकारी सेवारत व्यक्तियों पर भी कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ सकती है।

**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी योजनाएं और कार्यशैली आपके व्यवसाय को और अधिक गति प्रदान करेंगी। साथ ही प्रतिस्पर्धा की स्थिति से भी गुजरना पड़ सकता है। किसी भी काम को करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल करें। कोर्ट केस अथवा संपत्ति संबंधी विवाद किसी की मध्यस्थता से हल करने का प्रयास करें। बिजनेस में लिए गए निर्णय में शुरुआत में कुछ दिक्कतें और परेशानियां आएंगी। आज आप प्रोडक्शन के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता पर भी ज्यादा ध्यान देंगे।

**कुंभ**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज व्यवसाय में इंटरनेट और फोन के माध्यम से नई-नई जानकारियां हासिल करना कारोबार के लिए सहायक रहेगा। अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करते समय किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह अवश्य लें। सरकारी सेवारत लोगों को आज कार्यभार हल्का होने से राहत मिलेगी। अचानक ही कुछ ऐसे खर्चे सामने आएंगे जिन पर कटौती करना भी संभव नहीं होगा। इसलिए धैर्य और संयम से काम लेंगे तो सब सही रहेगा। किसी के साथ भी गलतफहमी के कारण रिश्तों में कटुता ना आने दें।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन करें। कभी-कभी आपके अत्यधिक हस्तक्षेप की वजह से घर के सदस्य परेशान हो सकते हैं। संतान की गतिविधियों को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है, कड़ी नजर रखेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्य सावधानी से करेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले उसके बारे में विचार अवश्य करें। कार्यस्थल पर किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप आंतरिक व्यवस्था पर ना होने दें। अधिकारी और सम्मानित लोगों से संपर्क रखना बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा।

# बिष्णु चरण घोष जिनके नाम पर लॉस एंजिल्स में होती है वार्षिक योग चैंपियनशिप

(कुमार कृष्णन-विभूति फीचर्स)



योगगुरु बी.के.एस आयंगर को सबसे बड़ा योग गुरू माना जाता है। लेकिन बी.के.एस आयंगर से लगभग तीन दशक पहले, कोलकाता के एक योग गुरु बिष्णुचरण घोष हुए, जिन्होंने पश्चिमी दुनिया में योग को लोकप्रिय बनाया। बिष्णु चरण घोष, ने योग को लोकप्रिय बनाने के लिए यूरोप से जापान तक दुनिया भर का दौरा किया। वे मुख्य रूप से चिकित्सा के लिए योग उपयोग करते थे। उन्होंने ही लगभग एक सदी पहले दुनिया को बताया था कि असाध्य और पुरानी बीमारियों को ठीक करने के लिए योग एक सशक्त माध्यम है। भारत में योग की शक्तिदायी परंपरा हजारों साल की है। समय समय पर सिद्ध योगियों ने इस परंपरा को सामान्य लोगों को सहजता से सिखा कर अद्भुत शक्तिशाली बनाने में और लोककल्याण का मार्ग ढूंढने महान योगदान दिया। आज जिस महायोगी बिष्णु चरण घोष की बात कर रहें है,उनका जन्म लाहौर में 24 जून 1903 को हुआ था। विष्णु चरण घोष, भगवती चरण घोष के आठ बच्चों में सबसे छोटे थे और मुकुंद लाल घोष के भाई थे। मुकुंद लाल घोष आध्यात्मिक जगत में परमहंस योगानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। उनके माता-पिता के गुरु लाहिड़ी महाशय थे , जिन्होंने क्रिया योग सिखाया था ।

1930 के दशक के यूरोप और अमेरिका की कल्पना कीजिए। यह वह समय था जब भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था, बंगाल क्रांतिकारी आंदोलनों का केंद्र था। योग का अभ्यास इन दिनों केवल शारीरिक फिटनेस के लिए ही नहीं किया जाता है, बल्कि विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी किया जाता था। भारत की प्राचीन प्रथा विभिन्न बीमारियों के इलाज में सहायक साबित हुई है। 1930 के दशक में, घोष को इस ज्ञान के बारे में पता था। 1923 में, उन्होंने कलकत्ता में शारीरिक शिक्षा कॉलेज की स्थापना की । उनका लेखन भारत में व्यायाम और आधुनिक योग के विकास में महत्वपूर्ण है। उन्होंने 1946 में परमहंस योगानंद के जीवन पर ÷ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी÷ लिखी।इस पुस्तक के अध्याय 27 में उस समय के एकीकृत बिहार और झारखंड की राजधानी रांची में योग विद्यालय की स्थापना की कहानी का जिक्र है। पुस्तक में परमहंस योगानंद कहते हैं-÷युवाओं के लिए सर्वांगीण शिक्षा का आदर्श हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। मैंने केवल शरीर और बुद्धि के विकास के उद्देश्य से साधारण शिक्षा के शुष्क परिणाम स्पष्ट रूप से देखे। नैतिक और आध्यात्मिक मूल्य, के बिना कोई भी मनुष्य सुख प्राप्त नहीं कर सकता है, औपचारिक पाठ्यक्रम में अभी भी कमी थी। मैंने एक ऐसा स्कूल खोजने की ठान ली, जहां युवा लड़के मर्दानगी के पूर्ण कद तक विकसित हो सकें। उस दिशा में मेरा पहला कदम सात बच्चों के साथ बंगाल के एक छोटे से देश दिहिका में था।

एक साल बाद, 1918 में, कासिमबाजार के महाराजा सर मनिन्द्र चंद्र नंदी की उदारता के कारण, मैं



अपने तेजी से बढ़ते समूह को रांची स्थानांतरित करने में सक्षम था। कलकत्ता से लगभग दो सौ मील की दूरी पर बिहार का यह शहर, भारत में सबसे स्वस्थ जलवायु वाले शहरों में से एक है। रांची में कासिमबाजार पैलेस को नए स्कूल के मुख्यालय में बदल दिया गया, जिसे मैंने ब्रह्मचर्य विद्यालय कहा।ऋषियों के शैक्षिक आदर्शों के अनुसार। उनके वन आश्रम भारत के युवाओं के लिए, धर्मनिरपेक्ष और दिव्य शिक्षा के प्राचीन स्थान थे।

रांची में मैंने व्याकरण और हाई स्कूल ग्रेड दोनों के लिए एक शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कृषि, औद्योगिक, वाणिज्यिक और शैक्षणिक विषय शामिल थे। छात्रों को योग एकाग्रता और ध्यान, और शारीरिक विकास की एक अनूठी प्रणाली, ÷योगदा÷ भी सिखाई गई, जिनके सिद्धांत मैंने 1916 में खोजे थे। यह महसूस करते हुए कि मनुष्य का शरीर एक इलेक्ट्रिक बैटरी की तरह है, मैंने तर्क दिया कि इसे मानव इच्छा की प्रत्यक्ष एजेंसी के माध्यम से ऊर्जा से रिचार्ज किया जा सकता है। चूंकि कोई भी कार्य, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, बिना इच्छा के संभव नहीं है, मनुष्य अपने शरीर के ऊतकों को बिना किसी भारी उपकरण या यांत्रिक व्यायाम के नवीनीकृत करने के लिए अपने मुख्य प्रस्तावक, इच्छा का लाभ उठा सकता है। इसलिए मैंने रांची के छात्रों को अपनी सरल ÷योगदा÷ तकनीक सिखाई, जिसके द्वारा मनुष्य के मेडुला ऑब्लोगेंटा में केंद्रित जीवन शक्ति को ब्रह्मांडीय ऊर्जा की असीमित आपूर्ति से सचेत रूप से और तुरंत रिचार्ज किया जा सकता है। लड़कों ने इस प्रशिक्षण ने आश्चर्यजनक प्रतिक्रिया दी, शरीर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जीवन ऊर्जा को स्थानांतरित करने और कठिन शारीरिक मुद्राओं में सही मुद्रा में बैठने की असाधारण क्षमता विकसित की। उन्होंने ताकत और धीरज के ऐसे करतब दिखाए, जिनकी बराबरी कई ताकतवर वयस्क नहीं कर सकते थे। मेरे सबसे छोटे भाई, बिष्णु चरण घोष, रांची स्कूल में शामिल हुए। उन्होंने और उनके छात्रों में से एक ने यूरोप और अमेरिका की यात्रा की, ताकत और कौशल की प्रदर्शनियां दीं, जिसने न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय सहित विश्वविद्यालय के जानकारों को चकित कर दिया। रांची में प्रथम वर्ष की समाप्ति पर प्रवेश के लिए आवेदन दो हजार तक पहुंचे लेकिन स्कूल, जो उस समय पूरी तरह से आवासीय था, केवल एक सौ को ही समायोजित कर सकता था। बिष्णु चरण घोष की मांसपेशियों पर नियंत्रण योगानंद की विधि योगदा से काफी प्रभावित था , इस विषय पर उनकी 1925 की पुस्तक ÷बॉडी परफेक्शन बाय विल÷में वर्णित है। वे भारत में एक हठयोगी के रूप में प्रसिद्ध हो गए। वे एक योग सिखा रहा था जो ÷आसन, शारीरिक संस्कृति और मांसपेशियों में हेरफेर तकनीक का एक संचयन था जिसे घोष ने अपने भाई से पहली बार सीखा था। 1939 में घोष अमेरिका गए और कोलंबिया विश्वविद्यालय , न्यूयॉर्क में पढ़ाया,1968 में वे जापान के व्याख्यान दौरे पर गए ।

दुनिया की यात्रा करने वाले घोष की टीम में बड़ी संख्या में युवा पुरुष और महिलाएं शामिल थे । उन्होंने मोनोतोश रॉय को योग तथा शारीरिक शिक्षा की तालीम दी। वे एक भारतीय बॉडी बिल्डर थे, जिन्होंने 1951 में एमेच्योर डिवीजन में मिस्टर यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया था। मिस्टर यूनिवर्स की उपाधि से सम्मानित होने वाले वे पहले भारतीय और एशियाई थे। विष्णु चरण घोष की शिष्या रेबा रक्षित थी जिन्होंने उनसे शरीर शौष्ठव और योग की बारीकियां सीखीं। उन्होंने पूरी दुनिया में महिलाओं के बीच योग को लोकप्रिय बनाया। उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। बंगाल की यह योग कन्या रेबा रक्षित अपनी छाती से हाथी उतारने का महाबली करतब दिखातीं थीं। ऐसे महाबली कारनामों को देखकर उस समय के हैदराबाद के नवाब ने उन्हें 'देवी चौधरानी' की लोक उपाधि भी दी। सन 1950 के प्रारम्भ में उन्हें अपने शारीरिक सौष्ठव यानी बॉडीबिल्डिंग के लिए मिस बंगाल का एवार्ड भी मिला था।

# योग शरीर को निरोगी रखने में सहायक है, इसे दिनचर्या में शामिल करें - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## विश्व योग दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आमजनों के साथ किया योगाभ्यास



**रीवा ब्यूरो।**

जिले में 11वां विश्व योग दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। मार्तण्ड स्कूल ग्राउण्ड एक के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 11वें विश्व योग दिवस पर वसुधैव कुंटुम्बकम के लिये वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने सामूहिक योगाभ्यास किया। उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों व उपस्थित जनों को योग को अपने दैनिक दिनचर्चा में शामिल करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि योग शरीर को निरोगी रखने में सहायक है। योग को दिनचर्या में शामिल करने से हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी परिवार, समाज एवं सार्वजनिक जीवन में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी सक्षमता से निर्वहन कर पाएंगे। हमें गर्व है कि हमारी प्राचीन योग परंपरा को विश्व स्तर पर मान्यता मिली है। महर्षि पतंजलि ने देश व समाज को योग से अवगत कराया। वर्तमान समय में बाबा रामदेव ने इस विधा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विश्वव्यापी बनाने का कार्य किया और संपूर्ण विश्व में योग दिवस पर लोग योग करके इसे अंगीकार कर रहे हैं। भारत पूरी दुनिया को परिवार मानता है। श्री शुक्ल ने योग दिवस पर सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। सामूहिक योगाभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विशाखापट्नम से लाइव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन सुना गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन भी लाइव प्रसारित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शारदा मिश्रा, एसडीएम अनुराग तिवारी, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह, सहित अधिकारी, शिक्षक, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पुलिस के अधिकारी योग में शामिल हुए।

# जिला न्यायालय एवं बाल संप्रेक्षण गृह में किया गया योग

**रीवा,ब्यूरो ।** विश्व योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार, अन्य न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने भी योग किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि योग करने से हमारा तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। निरंतर योग करने से हमारे मन में शुद्ध विचार उत्पन्न होते हैं। योगाचार्य डॉ केपी शर्मा एवं योगाचार्य अरविंद पाण्डेय द्वारा योग की क्रियाएं कराई गईं। बाल संप्रेक्षण गृह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र की उपस्थिति में बालकों को योग कराया गया। इस दौरान निश्चल कुमार सिंह, न्यायालय के कर्मचारी व विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रीवा बायपास का विस्तार होने के बाद आठ लेन की मिलेगी सड़क - उप मुख्यमंत्री



**रीवा,ब्यूरो ।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस नवीन भवन के सभागार में आयोजित बैठक में रीवा बायपास के विस्तार कार्य तथा रिंगरोड निर्माण की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा बायपास का निर्माण पूरा होने के बाद फोरलेन की मुख्य सड़क के साथ दोनों ओर दो-दो लेन की सर्विस रोड की सुविधा मिलेगी। इस बायपास से आठ लेन की सड़क से आवागमन होगा। वर्तमान सड़क को चौड़ा करने के लिए तेजी से कार्य पूरा करें। बिजली, पोल तथा पेयजल की पाइपलाइन की शिफ्टिंग तत्काल कराएं। नवम्बर माह तक बीहर नदी में ब्रिज और नहर में ब्रिज का कार्य पूरा कराएं। रेलवे ओवर ब्रिज का भी काम तेजी से पूरा कराएं। सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें। आयुक्त नगर निगम पेयजल की पाइपलाइन की शिफ्टिंग तथा अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेला से सिलपरा रिंग रोड बहुत महत्वपूर्ण सड़क है। इसके अधिकांश भाग का कार्य पूरा हो गया है। शेष कार्यों को दिसम्बर माह तक पूरा कराएं। इसके अधूरे अण्डरपास तथा पुलों का निर्माण तेजी से पूरा करें। रीवा-सीधी हाइवे के शेष भाग को फोरलेन बनाने का कार्य तत्काल शुरू कराएं। बैठक में एनएचआई के प्रतिनिधि ने बताया कि रीवा से मोहनिया टनल तक फोरलेन निर्माण के लिए टेण्डर की प्रक्रिया जारी है। इसी तरह सोन नदी पर मेजर ब्रिज के साथ सर्रा से सीधी तक फोरलेन निर्माण के लिए 430 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसमें वन विभाग की अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


## कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) जिला मुरैना

फोन नं.07532-223500 ई-मेल Dmmorena@nic.in

प्र.क.10 / अ-82 / 2024-25 / भू-अर्जन / आ.स.क.नी. / तिंदोली / 5126 मुरैना दिनांक 17/6/25

### सार्वजनिक सूचना

**(म.प्र. आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2014 की कण्डिका 11 (1) (2) अनुसार)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपमुख्य अभियंता निर्माण उ.म. रेलवे ग्वालियर द्वारा ग्वालियर से श्योपुर छोटी लाईन से बडी लाईन अमान परिवर्तन परियोजना अंतर्गत **ग्राम तिंदोली तहसील सबलगढ, जिला मुरैना** की निजी भूमि सर्वे क्र. 95 रकवा 0.610 में से 0.331 हेक्टे. भूमि आपसी सहमति से क्रय हेतु मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन, भोपाल के ज्ञापन क्र. 12-2 / 2014 / सात / 2-ए / भोपाल दिनांक 12 नवम्बर 2014 निहित प्रावधान अनुसार निम्नलिखित भूमि धारकों से उनके समक्ष दर्शाये गये विवरण अनुसार भूमि क्रय करने हेतु विचार किया जा रहा है।

अतः मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन, भोपाल के ज्ञापन क्र. 12-2 / 2014 / सात / 2-ए / भोपाल दिनांक 12 नवम्बर 2014 भोपाल की कंडिका 11 (1) में निहित प्रावधान अनुसार सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग फायनेंस, फर्म, शासकीय एवं गैर शासकीय कार्यालय को उक्त भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस की अवधि में आधार सहित कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) जिला मुरैना के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। भूमि का विवरण निम्नानुसार है:-

परियोजना का नाम- ग्वालियर से श्योपुर छोटी लाईन से बडी लाईन अमान परिवर्तन

जिलाः- मुरैना

तहसीलः- सबलगढ

ग्रामः- तिंदोली

क्षेत्रफलः- 0.331 हेक्टेयर

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम | सर्वे नम्बर | अर्जित रकवा हेक्टे. में |
|---|---|---|---|
| 1 | पतिराम पुत्र भागीरथ जाति त्यागी निवासी सबलगढ | 95 | 0.331 |
| | | कुल किता 01 | कुल रकवा 0.331 |

G-14632/25

कलेक्टर
जिला मुरैना ( म.प्र. )


# मास्टर टेनर्स गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण लें : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह

## राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचक नामावली से जुड़ी जानकारी को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**भोपाल ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में शनिवार को राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर टेनर्स को निर्वाचक नामावली सहित आयोग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री सुखवीर सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण को गंभीरता और जिम्मेदारी लें। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रदेश के सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुचिता के लिए मतदाता सूची एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग का सबसे निचले स्तर पर एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर्स का किया गया मूल्यांकन आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर्स का मूल्यांकन किया गया।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### शेयर बाजार तेजी के साथ खुला, सेंसेक्स 200 अंक उछला, निफ्टी 24,852 पर

**मुंबई,ए.।** कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 200 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 81,593.14 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.24 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,852.30 पर खुला। कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार सपाट पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 82 अंकों की गिरावट के साथ 81,361.87 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.08 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,793.25 पर क्लोज हुआ. कारोबार के दौरान सेंसेक्स पर एमएंडएम, टाइटन कंपनी, कोटक महिंद्रा बैंक, एलएंडटी, भारती एयरटेल के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहा. जबकि अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा और नेस्ले के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 1.5 फीसदी की गिरावट आई. ऑटो को छोड़कर बाकी सभी सेक्टरों में गिरावट देखी गई. आईटी, मीडिया, मेटल, ऑयल एंड गैस और पीएसयू बैंक में 1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने चेतावनी दी कि गर्मियों के दौरान वस्तुओं में महंगाई बढ़ सकती है, जो आंशिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार उपायों से टैरिफ से प्रभावित है. इस बीच, भू-राजनीतिक जोखिमों को बढ़ाने की चिंताओं ने वैश्विक निवेशक भावना को प्रभावित करना जारी रखा।

### आ गई जुलाई महीने की बैंक हॉलिडे लिस्ट, आधे महीने बैंक रहेंगे बंद

**नई दिल्ली,ए.।** जून महीने की तरह जुलाई 2025 में भी खूब छुट्टियां हैं. जुलाई महीने में 10 से ज्यादा बैंक छुट्टियां रहने वाली हैं. दरअसल, आने वाले महीने में कई त्यौहार आ रहे हैं, जिसके चलते सार्वजनिक अवकाश रहेंगे. हालांकि, ये छुट्टियां अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दिन हैं. ऐसे में बैंक जाने से पहले एक बार जरूर चेक कर लें. अगले महीने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय छुट्टियों के कारण बैंक कुल 13 दिन बंद रहेंगे. भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, हर महीने के दूसरे और शनिवार को बैंक बंद रहते हैं. जबकि हर रविवार को साप्ताहिक अवकाश भी होता है. इसके अलावा त्योहारों पर बैंकों में काम नहीं होता है। छुट्टियों की पूरी लिस्टः- 3 जुलाई- अगरतला में खर्ची पूजा के अवसर पर सभी बैंक बंद रहेंगे. 5 जुलाई- गुरु हरगोबिंद जी के जन्मदिन के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे. 6 जुलाई- रविवार साप्ताहिक अवकाश. 12 जुलाई- महीने का दूसरा शनिवार. 13 जुलाई- रविवार साप्ताहिक अवकाश. 14 जुलाई- बेह देंखलम के अवसर पर सभी बैंक बंद रहेंगे. 16 जुलाई- हरेला त्योहार के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे. 17 जुलाई- यू तिरोत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर शिलांग में सभी बैंक बंद रहेंगे. 19 जुलाई- केर पूजा के लिए अगरतला बंद रहेगा. 20 जुलाई- रविवार साप्ताहिक अवकाश. 26 जुलाई- महीने का चौथा शनिवार. 27 जुलाई- रविवार साप्ताहिक अवकाश. 28 जुलाई- गंगटोक द्रुकपा त्से-जी के लिए बंद रहेगा। हालांकि, बैंक की छुट्टियों के दिन आप मोबाइल बैंकिंग, एटीएम या इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के जरिए वित्तीय या गैर-वित्तीय लेनदेन कर सकते हैं. लेकिन कुछ काम ऐसे भी हैं जिनके लिए बैंक ब्रांच जाना जरूरी है।

### मिंत्रा की नई फास्ट डिलीवरी सेवा एम-नाउ दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में लॉन्च

**नईदिल्ली,ए.।** लोकप्रिय फैशन डिलीवरी प्लेटफॉर्म मिंत्रा ने एम-नाउ नामक एक नई फास्ट डिलीवरी सेवा शुरू की है। बेंगलुरु में पायलट प्रोजेक्ट सफल रहने के बाद इसे अब दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में लॉन्च किया गया है। इस सेवा के तहत ग्राहकों को 30 से 120 मिनट के भीतर फैशन उत्पादों की डिलीवरी मिल रही है। मिंत्रा का कहना है कि यह सेवा खासतौर पर अचानक जरूरतों और खास मौकों के लिए तेज डिलीवरी की मांग को देखते हुए शुरू की गई है।

# चंबल ने वर्षाबाधित मैच में बुंदेलखंड को हराया, महिला वर्ग के फाइनल में बनाई जगह



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश लीग 2025 के महिला वर्ग में दूसरे दिन एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस मैच में बारिश का प्रभाव रहा जिसके कारण दोनों पारी मिलाकर 20 ओवर का ही खेल हुआ। बुंदेलखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार शुरुआत की थी और 13 ओवर के बाद उनका स्कोर 93/1 था। हालांकि, इसी समय बारिश आ गई जिसके कारण एक घंटे से अधिक का समय बर्बाद हुआ। दोबारा जब मैच कराने के लिए मैदान को तैयार किया गया तो बुंदेलखंड की पारी को वहीं समाप्त करके चंबल को सात ओवर में 73 रनों का रन लक्ष्य दिया गया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए चंबल ने कप्तान सौम्या तिवारी का विकेट काफी जल्दी गंवा दिया था। इसके बाद आसना पाटीदार और जिंसी जॉर्ज के बीच दूसरे विकेट के लिए एक शानदार साझेदारी देखने को मिली।

पाटीदार ने 15 गेंदों में 29 रन बनाए जिसमें छह चौके शामिल रहे। उन्होंने जिंसी के साथ मिलकर 38 रनों की अहम साझेदारी की। इसके बाद जिंसी ने 12 गेंदों में नाबाद 23 रन बनाए और उनका साथ देते हुए रिशिता परिहार आठ गेंदों में 14 रन बनाकर नाबाद रहीं। बुंदेलखंड की पारी की बात करें तो आयुषी शुक्ला ने 41 गेंदों में नाबाद 37 और अनुष्का शर्मा ने 37 गेंदों में नाबाद 46 रनों की पारी खेली।

# कामिंदु मेंडिस ने बांग्लादेश के खिलाफ जड़ा दूसरा अर्धशतक, 5,000 प्रथम श्रेणी रन पूरे

**नईदिल्ली,ए.।** श्रीलंका क्रिकेट टीम के मध्यक्रम बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (87) खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 5वां और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा अर्धशतक रहा। हालांकि, वह महज 13 रन से अपने छठे शतक से चूक गए। इसके साथ ही उन्होंने अपने 5,000 प्रथम श्रेणी रन भी पूरे कर लिए। बांग्लादेश के 495 रन के जवाब में श्रीलंका को पहली पारी में 293 रन के कुल स्कोर पर एंजेलो मैथ्यूज (39) के रूप में तीसरा झटका लगा था। उसके बाद बल्लेबाजी पर आए कामिंदु ने पथुम निसांका (187) के साथ चौथे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद उन्होंने मिलन प्रियनाथ रथनायके (39) के साथ 7वें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी निभाई। कामिंदु ने पारी में 148 गेंदों में 8 चौके और 1 छक्का लगाया। कामिंदु ने अपने 57वें प्रथम श्रेणी मैच की 88वीं पारी में अपने 5,000 रन पूरे गए हैं। उनके अब 61 से अधिक की शानदार औसत के साथ 5,008 रन हो गए हैं। 3,000 प्रथम श्रेणी रन बनाने वाले किसी भी अन्य श्रीलंकाई बल्लेबाज की औसत 60 से अधिक नहीं है। कामिंदू अपने प्रथम श्रेणी करियर में अब तक 18 शतक और 24 अर्धशतक जड़ चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 200 रन का रहा है। कामिंदु ने साल 2022 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का आगाज किया था।

# श्रीलंका के गाले स्टेडियम में बांग्लादेशी बल्लेबाजों की ओर से टेस्ट में खेली गई सर्वोच्च पारियां



**नईदिल्ली,ए.।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में 494 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया है। इसमें टीम के बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम (163) और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (148) की शतकीय पारियों का अहम योगदान रहा है। इसी तरह लिटन दास (90) ने भी शानदार पारी खेली। इस बीच आइए गाले स्टेडियम में सर्वोच्च टेस्ट पारियां खेलने वाले बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर नजर डालते हैं। रहीम बांग्लादेश के लिए श्रीलंका में टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2013 में गाले टेस्ट में दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी। श्रीलंका के पहली पारी के 570/4 के स्कोर के जवाब में बांग्लादेश के लिए तत्कालीन कप्तान रहीम ने मोहम्मद अशरफुल (190) के साथ 267 रन की साझेदारी कर स्कोर को 638 पर पहुंचाया था। रहीम ने पारी में 321 गेंदों पर 200 रन बनाए थे। उसमें 22 चौके और 1 छक्का शामिल था। जैसा कि बताया गया है, अशरफुल ने भी उस गाले टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी। वह तीसरे नंबर पर आए और उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजायरा पेश किया। अनुभवी बल्लेबाज ने रहीम के साथ साझेदारी में 417 गेंदों का सामना करते हुए 190 रन की अहम पारी खेली थी। उन्होंने रंगना हेराथ द्वारा आउट किए जाने से पहले 20 चौके और एक छक्का लगाया था। उन्होंने बांग्लादेश को पहली पारी में बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस सूची में रहीम ही तीसरे नंबर पर है। उन्होंने वर्तमान टेस्ट में शानदार 163 रन की पारी खेली है। बांग्लादेश के पहली पारी में 45 रन 3 विकेट गिर गए थे। इसके बाद रहीम की पारी ने बांग्लादेश को संभाल लिया। उन्होंने और कप्तान शांतो के साथ 264 रन की ठोस साझेदारी करते हुए मेहमान टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। रहीम ने 350 गेंदों का सामना करते हुए 9 चौकों की मदद से यह मैराथन पारी खेली। इस सूची में बांग्लादेशी कप्तान शांतो चौथे नंबर पर आ गए हैं। वह वर्तमान टेस्ट में 150 रन के मील के पत्थर को पार करने से चूक गए और 148 रन पर आउट हो गए। उन्होंने 279 गेंदों की अपनी पारी के दौरान 15 चौके और एक छक्का लगाया।

# ऑस्ट्रेलिया ने मार्नस लाबुशेन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट से किया बाहर



**नईदिल्ली,ए.।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने 25 जून से बारबाडोस में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाले 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले से अपने दिग्गज खिलाड़ी मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया है।

इसी तरह स्टीव स्मिथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में लगी अंगुली की चोट के कारण यह मैच नहीं खेलेंगे। टीम प्रबंधन ने इन दोनों खिलाड़ियों की जगह सैम कोंस्टास और जोश इंगलिस को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। टीम प्रबंधन ने लाबुशेन को उनके खराब प्रदर्शन के कारण प्लेइंग इलेवन से बाहर किया है। चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में लाबुशेन टीम के महत्वपूर्ण सदस्य हो सकते हैं। अभी उनका प्रदर्शन उस स्तर पर नहीं रहा है जिसकी हम या वह उम्मीद करते हैं। हम उनके साथ उनके खेल के उन क्षेत्रों पर काम करना जारी रखेंगे, जिनमें सुधार की जरूरत है। हम उम्मीद हैं कि वह चुनौतियों का सकारात्मक तरीके से सामना करेंगे। इस बीच स्मिथ अंगुली का ऑपरेशन न टीम के साथ वेस्टइंडीज पहुंचे हैं। उन्हें 8 सप्ताह तक स्प्लिंट पहनने की सलाह दी गई है। अगर इससे उनकी बल्लेबाजी पर असर नहीं पड़ता है तो वह 3 जुलाई से दूसरे टेस्ट में टिम का हिस्सा होंगे। बेली ने कहा, स्मिथ की चोट को ठीक होने में अब थोड़ा समय और चाहिए होगा। ऐसे में हम उन्हें एक और सप्ताह आराम देंगे और उसके बाद उनकी कार्यक्षमता का आकलन करेंगे। लाबुशेन का टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन पिछले कुछ समय से खराब रहा है। 2023 में उनकी औसत सिर्फ 34.91 और 2024 में 30.93 रही थी। 2025 में खेले 4 टेस्ट में लाबुशेन की औसत करीब 16.00 की रही है। डब्ल्यूटीसी फाइनल में वह 17 और 22 के स्कोर कर पाए थे। लाबुशेन ने अपने टेस्ट करियर में 58 मैचों की 104 पारियों में 46.19 की औसत से 4,435 रन बनाए हैं। इसमें 11 शतक और 23 अर्धशतक शामिल है। कोंस्टास ने पिछले साल बॉक्सिंग-डे टेस्ट में भारत के खिलाफ अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का आगाज किया था। इसमें उन्होंने टीम प्रबंधन को प्रभावित किया था। उम्मीद है कि वह शीर्ष क्रम में उस्मान ख्वाजा के साथ जोड़ी बनाएंगे। इस साल की शुरुआत में श्रीलंका में डेब्यू शतक लगाने वाले इंगलिस स्मिथ की अनुपस्थिति में मध्य क्रम में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि अंतिम बल्लेबाजी क्रम की पुष्टि मैच से पहले ही की जाएगी।

# नपाध्यक्ष से असंतुष्ट भाजपा पार्षदों को मनाने के लिए कलेक्टर द्वारा बुलाई बैठक रही बेनतीजा

## गेंद अब केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के पाले में, पार्षदों से सिंधिया दिल्ली में मिलेंगे 24 जून को

**शिवपुरी ब्यूरो।** नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा से असंतुष्ट और उन्हें हटाने की शपथ लेने वाले भाजपा पार्षदों को मनाने के लिए अथवा उनकी समस्या जानने के लिए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी द्वारा अपने कार्यालय में बुलाई गई बैठक बेनतीजा रही। बैठक के बाद बाहर निकले पार्षद ओमप्रकाश जैन ओमी से जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या अब आपकी समस्या सुलझ गई तो उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि हम झुक जाऐं तो मसला हल हो जाएगा, कत्ल हमारे किरदार का हो जाएगा। उन्होंने साफ साफ कहा कि नपाध्यक्ष को हटाने की मांग से भाजपा पार्षद पीछे नहीं हटेंगे। ठीक यही बात नपा उपाध्यक्ष सरोज व्यास के पति रामजी व्यास ने कही। उन्होंने कहा कि बगीचा सरकार के दरबार में नपाध्यक्ष को पद से हटाने की शपथ से पीछे नहीं हटा जा सकता। पार्षद विजय बिंदास और पार्षद पति रत्नेश डिम्पल जैन ने भी यही बात दोहराई। इससे साफ है कि कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी द्वारा बुलाई गई बैठक बेनतीजा रही। अब इस मामले में गेंद केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के पाले में हैं। श्री सिंधिया के बुलावे पर भाजपा पार्षद 24 जून को दिल्ली जाकर उनके निवास स्थान पर भेंट करेंगे और इसके बाद ही नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा का भविष्य तय होगा। खास बात यह रही कि कलेक्टर द्वारा बुलाई गई बैठक में सिर्फ भाजपा और निर्दलीय पार्षदों को ही आमंत्रित किया गया था। बैठक में कांग्रेसी पार्षदों को नहीं बुलाया गया। इस पर नेता प्रतिपक्ष शशि शर्मा ने आपत्ति की और कहा कि भाजपा के इस मामले में प्रशासन का क्या रौल? क्या इस मेंटर में प्रशासन को हस्तक्षेप करना चाहिए था। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव तो उपस्थित थे लेकिन विधायक देवेन्द्र जैन बैठक में उपस्थित नहीं थे। पिछले कुछ दिनों से नगर पालिका परिषद के अधिकांश पार्षदों ने जिनमें कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा और निर्दलीय पार्षद भी शामिल हैं, ने नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। नपा परिषद के 39 पार्षदों में से दो दर्जन से अधिक पार्षद पिछले दिनों करैरा के ख्याति प्राप्त बगीचा सरकार हनुमान मंदिर पर पहुंचे और यहां उन्होंने शपथ खाई की कि या तो नगर पालिका अध्यक्ष को पद से हटाया जाए अथवा वे स्वयं अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। पार्षद ने बताया कि नियमानुसार तीन साल पूर्ण होने के बाद अगस्त के प्रथम सप्ताह से अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। इस अवधि से पूर्व या तो नपाध्यक्ष को पद से भाजपा हटाए अथवा उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्वीकृति दे अन्यथा वे अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। भाजपा पार्षदों ने नपाध्यक्ष पर तमाम आरोप लगाए जिनमें भ्रष्टाचार, अनियमित्तता और पक्षपात के आरोप प्रमुख है। पार्षदों का कहना है कि अध्यक्ष की कार्यप्रणाली के चलते 39 में से कोई भी वार्ड समस्या मुक्त नहीं हो पाया है और नगर में



समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। पार्षदों के इस रूख के बाद भाजपा सचेत हुई और अगले ही दिन जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव और विधायक देवेन्द्र जैन ने सर्किट हाउस में भाजपा पार्षदों की बैठक बुलाई और उनसे पहले वन टू वन और फिर सामुहिक रूप से संवाद किया। बैठक के बाद जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा कि वह पार्षदों की समस्याओं से पार्टी आलाकमान और केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को अवगत कराऐंगे। इसके बाद श्री जाटव ने दिल्ली जाकर श्री सिंधिया को पूरी बस्तु स्थिति से अवगत कराया और फिर बताया जाता है कि श्री सिंधिया ने पार्षदों की समस्याऐं जानने के लिए कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी को निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने भाजपा पार्षदों की बैठक बुलाई और उनकी समस्याऐं जानी। इसके पश्चात कलेक्टर ने एडीएम को पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया।

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा नपाध्यक्ष का पार्षदों से कोई विवाद नहीं**

बैठक के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा का पार्षदों से कोई विवाद नहीं है। अध्यक्ष और पार्षदों के बीच कोई झगड़ा नहीं है। विवाद का मुद्दा सिर्फ विकास है। कुछ वार्डों में ज्यादा काम हो गया है किसी में बिल्कुल भी काम नहीं हुआ है। कहीं टेंडर लग गए हैं, लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ है। कुछ प्रशासनिक फाईलें जल्दी-जल्दी चलना थी वह चल नहीं पाई है अब वह चलेंगी। उन्होंने कहा कि आज की बैठक केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर थी। श्री जाटव ने एक तरह से नपाध्यक्ष की पैरवी करते हुए कहा कि पार्षद देव स्थान पर दर्शन करने के लिए अवश्य गए थे और उन्होंने वहां हंसी मजाक भी किया था तथा बगीचा बाले सरकार के मंदिर के सामने अंटी मारकर उन्होंने शपथ खाई थी। हंसते हुए श्री जाटव का इशारा था कि अध्यक्ष को पद से हटाने की शपथ में कोई गंभीरता नहीं है।

**प्रशासन का राजनीति में हस्तक्षेप लोकतंत्र के लिए घातक- नेता प्रतिपक्ष**

नगर पालिका शिवपुरी में नेता प्रतिपक्ष शशि शर्मा ने कलेक्टर द्वारा भाजपा पार्षदों की बुलाई गई बैठक पर आपत्ति करते हुए कहा कि उन्हें सभी पार्षदों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए था।

यदि गतिरोध सुलझाने के लिए वह पार्षदों के साथ बैठक करना चाहते थे तो उन्हें सभी पार्षदों को बैठक में बुलाना चाहिए था। शिवपुरी के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब प्रशासन ने राजनीति में खुला हस्तक्षेप किया है। जहां तक नपाध्यक्ष से भाजपा पार्षदों की नाराजगी का सवाल है तो हम भी तो अध्यक्ष गायत्री शर्मा की कार्यप्रणाली से नाराज है। हमसे भी प्रशासन को चर्चा करना चाहिए। श्रीमती शर्मा ने कहा कि उन्होंने कलेक्टर से मिलकर विरोध जाहिर किया इसके बाद कलेक्टर ने आठ कांग्रेस पार्षदों से चर्चा की और कहा कि नगर पालिका में जो चल रहा है वह अच्छा नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि इस मामले में मैने राजनीति में कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। मुझ से कहा गया था कि भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव के साथ कुछ पार्षद आपसे मिलना चाहते हैं तो मैने इसकी अनुमति प्रदान की। आगे से में ध्यान रखूंगा और पार्षदों की बैठक जब भी बुलाई जाएगी सभी पार्षदों को बुलाया जाएगा।

**नपाध्यक्ष और सीएमओ को न बुलाने पर जिलाध्यक्ष जाटव ने दी सफाई**

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा और सीएमओ इशांक धाकड़ को क्यों नहीं बुलाया गया। पत्रकारों के इस सवाल पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा कि समस्या सिर्फ पार्षदों की न की नपाध्यक्ष और सीएमओ की। सीएमओ तो नगर पालिका के बैसे ही सर्वेसर्वा हैं जब उनकी और नपाध्यक्ष की कोई समस्या ही नहीं तो उन्हें बुलाने का क्या अर्थ। श्री जाटव ने यहां तक कहा कि बैठक में कांग्रेस पार्षदों को भी बुलाया गया था। वह बोले की मैने कांग्रेस पार्षदों से हस्ताक्षर कराए थे, लेकिन उनकी इस बात का नेताप्रतिपक्ष शशि शर्मा ने खण्डन किया।

# योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंः प्रभारी मंत्री तोमर

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मानस भवन में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित



**शिवपुरी ब्यूरो।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन मानस भवन, शिवपुरी में किया गया। यह आयोजन जिला प्रशासन द्वारा एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक शिवपुरी देवेन्द्र जैन, पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, पूर्व जिला अध्यक्ष राजू बाथम, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ सहित सांसद प्रतिनिधि, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्कूल छात्र-छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए दैनिक योग अभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। हमें अपने लिए और अपनों के लिए योग करना चाहिए। जब हम स्वस्थ्य रहेंगे तो आने वाली पीढ़ियां भी स्वस्थ्य रहेंगी, उन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने का योग एक अच्छा माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश स्तरीय योग कार्यक्रमों का प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। सामूहिक योग अभ्यास में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, शशांकासन, भुजंगासन, शवासन सहित विभिन्न योगासन और प्राणायामकृकपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि का अभ्यास कराया गया।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर जिले में मनाया गया ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

## जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के तत्वाधान में जिले में हजारों की संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास



**धौलपुर ब्यूरो।** एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर जिला स्तर पर ग्यारहवां अंतर्राष्टीय योग दिवस समारोह मचकुण्ड रोड़ स्थित परशुराम धर्मशाला पर प्रातः 6.30 बजे से आयोजित हुआ। योगाभ्यास से पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विशाखापत्तनम से योग पर उद्बोधन का प्रसारण किया गया। योगाभ्यास में प्रभारी सचिव पी रमेश, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित बडी संख्या में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आर.ए.सी. के जवानों एवं आमजन द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म योग क्रियाओं के साथ हुई। योग की शुरुआत में ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन इत्यादि क्रियाएं कराई गईं। पतंजलि की योग टीम द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, शशकासन, वक्रासन, पवनमुक्तासन, सहित कपालभांति व अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि का अभ्यास कराया गया। इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीनतम विद्या है। इसकी साधना वस्तुतः शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है। स्वस्थ, तनाव मुक्त और अनुशासित जीवन के लिए योग का महत्व आज पूरा विश्व समझ रहा है। योग न केवल हमारा स्वाभिमान बढाता है बल्कि उपयोगी एवं आत्मनिर्भर बनाकर कौशल प्रदान करता है। योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है भावनात्मक बुद्धिमत्ता में सुधार, चिंता दूर करने में सहायक तथा मन भी शांत रहता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य जीवन, तन और मन के लिए नियमित रूप से योगा करना चाहिए। योगाभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस दौरान योग दिवस से पूर्व आयोजित ड्रॉइंग प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग और वीडियो कॉन्टेस्ट के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. मनोज शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं आमजन का योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद गर्ग ने बताया कि जिले में ब्लॉक स्तर, ग्राम पंचायत स्तर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों, निजी संस्थानों, एनजीओ, स्थानीय प्रशासन द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रमों में लोगों ने भाग लिया। जिला कलक्टर ने सभी को नियमित योग करने की शपथ भी दिलवाई। सत्र का समापन शान्ति पाठ से हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेत्री इंदु देवी जाटव, चिकित्सा अधिकारी योग एवं प्राकृतिक अनुसंधान केन्द्र डॉ. त्रिलोक चन्द्र, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन सहित आमजन एवं अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में दिलाई मतदाता शपथ, लोकतंत्र की मजबूती के लिए आमजन ने लिया संकल्प

**धौलपुर ब्यूरो।** अंतर्राष्टीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता शपथ दिलाई गई। यह शपथ जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. एन. सोमनाथ द्वारा दिलाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों, आमजन एवं युवाओं ने सहभागिता की। शपथ में सभी नागरिकों ने यह संकल्प लिया कि वे भारत के नागरिक के रूप में लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा सभी चुनावों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांति पूर्ण रूप से बिना किसी धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा या किसी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद ने कहा कि जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह न केवल स्वयं मतदान करे, बल्कि दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और देश की प्रगति में सहभागी बनने की प्रतिबद्धता जताई।

# कोलारस में असेम्बली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न, विपिन मित्तल बने कोलारस ब्लॉक अध्यक्ष



**शिवपुरी ब्यूरो।** असेम्बली ऑफ एम पी जर्नलिस्ट्स संगठन के विस्तार को लेकर कोलारस के स्नेह बिहारी गार्डन, रेलवे स्टेशन रोड पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी ने अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कोलारस के लिए ब्लॉक अध्यक्ष पद की घोषणा की, जिसमें सर्वसम्मति से युवा पत्रकार विपिन मित्तल को कोलारस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मंच का संचालन पत्रकार अनंत सिंह जाट द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी ने कहा, पत्रकारिता लोकतंत्र की रीढ़ है और संगठन पत्रकारों की आवाज़ को मज़बूती से उठाने का काम करेगा। हम सभी को एकजुट रहकर निष्पक्ष पत्रकारिता को आगे बढ़ाना है। उन्होंने नव नियुक्त टीम को शुभकामनाएं दीं और संगठन के उद्देश्यों की जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार हरीश भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा, पत्रकारों को सत्यनिष्ठा और निडरता के साथ कार्य करना चाहिए। संगठन उन्हें एकजुट करता है और ताकत देता है। वरिष्ठ पत्रकार मुकेश रघुवंशी ने कहा, युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन और मंच देने के लिए संगठन प्रतिबद्ध है। हम सबका दायित्व है कि उन्हें सही दिशा दें। बैठक में जिला पदाधिकारी विकास दंडोतिया, केदार सिंह गोलिया, मणिका शर्मा, नीरज जाटव (छोटू) सहित धर्मेंद्र जाटव, अरशद खान, सादा पठान, खालिद पठान, नंदा बंसल, दीपक बत्स, अशोक चौबे, बिशोक व्यास, राजू कुशवाह, रवि सेन, रोहित माहुने, विनोद सिकरवार, ऋषि गोस्वामी, हेमंत धाकड़, मुकेश बैरागी, कान्हा परिहार, मुकेश गौड, हर्ष कुलश्रेष्ठ, नंदकिशोर बंसल, अरविंद धाकड़, अजय दांगी, प्रदीप धाकड़ आदि पत्रकारगण शामिल रहे। नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के वरिष्ठों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर बधाई दी गई। कार्यक्रम के समापन के पश्चात पत्रकारों के लिए एक सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अतिथियों ने स्नेहपूर्वक सहभागिता की।

नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष विपिन मित्तल ने कहा, यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा।

# मानीपुरा में मोबाइल टॉवर पर चढ़ा युवक, पुलिस और परिजनों ने समझाइश देकर उतारा नीचे

## युवती सोनम को बुलाने की कर रहा था मांग



**शिवपुरी ब्यूरो।** कोलारस कस्बे के मानीपुरा इलाके में शनिवार दोपहर एक युवक मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। वह सोनम नाम की युवती को मौके पर बुलाने की मांग कर रहा था। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। टॉवर पर चढने वाले युवक की पहचान रवि जाटव के रूप में हुई। रवि की मां भागवती बाई ने बताया कि तीन साल पहले मोहल्ले में रहने आई सोनम नाम की युवती से रवि को प्रेम हो गया था। वह उससे शादी करना चाहता था, लेकिन युवती के परिजन इसके खिलाफ थे। बाद में उन्होंने रवि पर छेड़छाड़ का केस भी दर्ज कराया, जिसके बाद वे मोहल्ला छोड़कर चले गए। परिजनों के अनुसार इस घटना के बाद से रवि मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। इलाज पर करीब तीन लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। हाल के महीनों में उसकी हालत में सुधार था और वह शिवपुरी में एक प्राइवेट नौकरी करने भी लगा था। जानकारी के मुताबिक चार दिन पहले युवक के एक रिश्तेदार ने आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद से उसका मानसिक संतुलन दोबारा बिगड़ गया। वह तीन दिन से नहाया तक नहीं था और अचानक शनिवार दोपहर टॉवर पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। काफी देर तक समझाने के बाद रवि नीचे उतरा। फिलहाल पुलिस ने युवक को मानसिक स्थिति देखते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# पत्नी की प्रताडऩा से तंग आकर युवक ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती, बोला- पत्नी उसे मारकर ड्रम में भरवा देगी



**शिवपुरी ब्यूरो।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी शिवपुरी निवासी एक युवक ने पत्नी की प्रताडऩा से परेशान होकर शनिवार शाम जहर खा लिया। युवक की हालत गंभीर है और वह जिला अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल में भर्ती युवक शाकिर खान उर्फ बंटी ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह अपनी पत्नी के साथ शांति से रहना चाहता था, लेकिन पत्नी लगातार मानसिक प्रताडऩा कर रही है। शाकिर ने कहा कि उसे डर है कि उसकी पत्नी उसे जान से मरवा सकती है। उसने आशंका जताई कि पत्नी उसकी हत्या कर ड्रम में भरवा सकती है, जैसी घटनाएं आजकल सामने आ रही हैं। शाकिर ने बताया कि उसकी पत्नी उस पर झूठे आरोप लगाकर फंसाने की कोशिश कर रही है। बीते मंगलवार को वह एसपी और कलेक्टर कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंची थी। शनिवार को सोशल मीडिया पर उसका एक वीडियो सामने आया, जिसे देखकर वह डर गया और तनाव में आकर जहर खा लिया। युवक ने कहा कि वह अपने बच्चों के साथ रहना चाहता है, लेकिन पत्नी उसे उनसे दूर रखने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रही है। उसने इसे एक साजिश बताया है। फिलहाल युवक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आरोग्य भारती ने मेडिकल कॉलेज में मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



**शिवपुरी ब्यूरो।** श्रीमंत राजमाता विजया राजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय में आरोग्य भारती ईकाई शिवपुरी के द्वारा अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस, अधीक्षक आशुतोष चौऋषि के कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्टीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ अनंत राखोंडे एवं योग शिक्षक संजीव राठौर द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय के सभी डॉक्टर्स, स्टाफ, छात्र छात्राओं सहित शहर के गणमान्य नागरिकों योगासन कराया। मेडिकल कॉलेज की सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. राखोडे ने योग के विस्तृत परिभाषा और योगासनों के बारे में अदभुत जानकारी दी और यह साबित किया की चिकित्सा क्षेत्र में योग कितना महत्व रखता है। इस अवसर पर आरोग्य भारती के योग प्रभारी के रूप में संजीव राठौर ने भी योग को लेकर कई बातें स्पष्ट की कार्यक्रम में गायत्री मंत्र एवं भावार्थ के साथ विचार व्यक्त करते हुए पूर्व सिविल सर्जन डॉ पीके खरे ने कहा कि बुद्धि तों सभी के पास होती हैं, लेकिन सद्बुद्धि के बिना सद्भावना, सद्विचार नहीं आते जो सद्कर्म करवातें हैं एवं जीवन को आनंदमय बनाते हैं। योग का उद्देश्य यही है कि असहज बीमार अशक्त जीवन को सहज, सरल और स्वस्थ बनाना है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अस्थि एवं जोड़ रोग विभाग के प्राध्यापक डॉ पंकज शर्मा ने बताया कि योग पुरातन काल से ही जीवन शैली का अभिन्न अंग रहा हैं और संपूर्ण विश्व के लिए योग भारत के द्वारा दिया गया एक अनुपम उपहार है, इसलिए अन्तर्राष्टीय योग दिवस हर्षोल्लास से मानना चाहिए। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन आरोग्य भारती के जिला उपाध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र सिंह पवैया एवं आभार व्यक्त नगर अध्यक्ष रवि गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरोग्य भारती के विभाग समन्वयक आलोक एम इंदौरिया, डॉ पीके खरे, चिकित्सा महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ.धीरेन्द्र त्रिपाठी,डॉ पंकज शर्मा, डॉ राजेन्द्र सिंह पवैया, सहा. पीआरओ राहुल अष्ठाना, लवलेश जैन चीनू, रवि गोयल, हिर्देश गोयल, संजीव वशिष्ठ, शशांक दुबे, अभ्योदय राजपूत, ज्योति गोयल, निधि गोयल सहित चिकित्सकगण, स्टाफ, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरोग्य भारती की ओर से कुछ वार्डों में एनर्जी ड्रिंक और फल का वितरण भी किया गया।

# कलेक्टर ने सौंपा प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव को डीईओ का प्रभार



**शिवपुरी ब्यूरो।** बीते रोज शिवपुरी डीईओ समर सिंह राठौड़ का स्थानांतरण प्राचार्य उमावि क्र. 2 गुना के पद पर हो गया था जिसके बाद कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने राठौड़ को शुक्रवार देर शाम ही कार्यमुक्त भी कर दिया था। फिलहाल भोपाल स्तर से शिवपुरी में डीईओ के पद पर कोई पदस्थापना नहीं हुई है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने शनिवार को शासन स्तर से डीईओ की पदस्थापना होने तक उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी के प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव को अपने कार्य के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंप दिया है। कलेक्टर के आदेश के क्रम में श्रीवास्तव ने शनिवार दोपहर को डीईओ कार्यालय में जाकर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। श्रीवास्तव के प्रभार लेने की खबर लगते ही शिक्षक संघों के पदाधिकारी सहित तमाम शिक्षक उन्हें बधाई देने कार्यालय जा पहुंचे। बता दें कि प्राचार्य श्रीवास्तव 2017 से जिला उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य पद पर तैनात हैं और उनके कार्यकाल में उत्कृष्ट विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रदेश स्तर पर भी अग्रिम पंक्ति में रहा है। श्रीवास्तव को शासन ने साल 2018 में दक्षिण कोरिया शैक्षणिक भ्रमण के लिए भी भेजा था। वे आईआईएम भोपाल से मैनेजमेंट का प्रशिक्षण भी कर चुके हैं। इससे पूर्व भी श्रीवास्तव जिला परियोजना समन्वयक के पद पर बतौर प्रभारी लंबे समय तक कार्यरत रहे थे और उनका कार्यकाल सराहनीय रहा था। देखना होगा कि भोपाल स्तर से जिले में डीईओ के पद पर तैनाती कब तक होती है और कई नामों के बीच स्थाई रूप से डीईओ की कुर्सी पर कौन काबिज होता है।

# शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिये योग अत्यधिक आवश्यक - कृषि मंत्री श्री कंषाना

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों और पंचायत स्तर पर भी किया गया योग, मुरैना जिले में 1299 स्थानों पर 68482 लोगों ने किया योग




**मुरैना,कांस।** वर्तमान परिवेश में शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योग अत्यधिक आवश्यक है। इसको संपूर्ण विश्व ने भी स्वीकार किया है। यह बात प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने ग्यारवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टाउनहॉल मुरैना में जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर नगर निगम की महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, चम्बल रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक श्री सुनील कुमार जैन, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, उप पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह डाबर, सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, पूर्व मंत्री श्री मुंशी लाल, जिला शिक्षा विभाग श्री सुधीर कुमार सक्सेना सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, खेल विभाग, एन.सी.सी., एन.एस.एस., पुलिस कर्मी, शासकीय सेवक उपस्थित थे। अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम से देश के जन-जन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संदेश दिया कि हम सब मिलकर योग करें और योग को एक जनआंदोलन बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से योग दिवस को संबोधित किया। स्वस्थ रहने के लिए योग करने की अपील सभी जन से की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री ऐंदल सिंह कंषाना ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक श्री प्रदीप व्यास द्वारा योग की 12 विधाओं का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से ही योग पुर्नजीवित हो सका है। भारत से निकलकर विश्व के अधिकांश देशों में योग पहुंच चुका है। आमजन स्वस्थ रहने के लिए योग को अपना रहे है। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिये योग अत्यधिक आवश्यक है, इससे शरीर स्वस्थ रहता है और बुद्धि का विकास होता है। योग दिवस पर मुरैना जिले में 1299 स्थानों पर 68482 लोगों ने किया योग किया। योग में पारंगत प्रशिक्षकों द्वारा सभी को योग की 12 विधाओं का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही यह भी अवगत कराया कि किस विधा से शरीर के किस अंग को सबसे ज्यादा लाभ होता है। कृषि मंत्री ने कार्यक्रम के उपरांत टाउन हॉल में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम का संचालन श्री श्याम सिंह सिकरवार द्वारा किया गया।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक परिवर्तित

**मुरैना,कांस।** जिले के समस्त विभागों की संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक पूर्व में 18 जून को आयोजित की गई थी। किन्तु उक्त बैठक कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर 25 जून को सायं 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की जायेगी।

# स्ट्रीट लाइट का खबा लगाते समय दो मजदूरों को लगा करंट, एक की मौत, दूसरा गंभीर ग्वालियर रेफर




**मुरैना,कांस।** स्ट्रीट लाइट के खंबे लगाने के दौरान हुआ हादसा, हाई टेंशन लाइट के संपर्क में आया खंबा, करंट से चिपकने के कारण मजदूर धर्मेंद्र गुर्जर निवासी शिवपुरी की हुई मौत, गंभीर घायल बलदाऊ जाटव निवासी रजई का पूरा किशनपुर को किया गया ग्वालियर रेफर, नगर निगम ठेकेदार की बड़ी लापरवाही आई सामने, मजदूरों के भरोसे कर रहे थे लाइट के पोल का काम, मुरैना नगर निगम के द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाने का किया जा रहा था काम, उसी दौरान हुआ हादसा.. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गणेशपुर इलाके का पूरा घटनाक्रम, मौके पर पहुंचे बिजली विभाग कर्मचारी कर रहे हैं पूरे मामले की जांच की बात कह रहे हैं।

# मत्स्य विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाही कर 35 किलो मछली जप्त की

**मुरैना,कांस।** शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक बंद ऋतुकाल घोषित किया है। जिसमें मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित है। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने जिले के अंतर्गत मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं परिवहन पर सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये है। निर्देशों के तहत सहायक संचालक मत्स्य श्री कमल नार्वे ने शुक्रवार को दल के साथ पीपल वाली माता, स्टेडियम मेला ग्राउण्ड के पास मछली की दुकानों पर छापामार कार्यवाही कर 35 किलो मछली जप्त की। जिसकी नीलामी से प्राप्त राशि 2 हजार रूपये शासन के खाते में जमा कराई गई। कार्यवाही के दौरान मत्स्य निरीक्षक श्रीमती सोनम तिवारी, श्री सुनील कुमार भदकारिया एवं श्री रामवीर सिंह यादव उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कैलारस में कई स्थानों पर योग कार्यक्रम हुए आयोजित



**कैलारस।** विकासखंड कैलारस में 11वां अंतर्राष्टीय योग दिवस का कार्यक्रम 21 जून 2025 को प्रातः स्थान गेल इंडिया भवन में आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से अंजना बृजेश बंसल नगर पंचायत अध्यक्ष कैलारस, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बृजेश बंसल, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी जालिम सिंह धाकड़ ,विश्राम बघेल तहसीलदार, बीआरसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह धाकड़ ,बीएमओ डॉ. एस आर मिश्रा ,डीडीओ जयवीर सिंह जादौन, प्राचार्य जालेंद्र गौड, उच्च माध्यमिक शिक्षक इम्तियाज अली, योग गुरु लल्ला सिंह सिकरवार, क्रीडा शिक्षक राजेंद्र शुक्ला, बीएसी केसब शुक्ला, राजेंद्र मरैया, प्रधानाध्यापक फखरुद्दीन खान, नरेंद्र नरवरिया , कुमारी सोनम बंसल खेल अधिकारी शिक्षक मुकेश कुमार रजक, रामावतार धाकड़ ,मोनिका गुप्ता, पवन पाराशर, अशोक शुक्ला उमाकांत गौड,आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे आज भारतीय जनता पार्टी मंडल कैलारस में दीप हायर सेकेंड्री स्कूल में 11 योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने योग किया योग न केवल हमें अनुशासन और संतुलन सिखाता है, बल्कि जीवन को भी दिशा देता है। यह हमारी आध्यात्मिक विरासत और मानवता को भारत का संदेश है, जो सम्पूर्ण विश्व को जोड़ता है सभी देश वासियों को योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं योग दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा डॉ दीपक सिंह जी जिला मंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह केशव पाराशर मगनदीप गौड कोमल शुक्ला वीरेंद्र बसेड़िया धारा सोनी पूरन शिवहरे महेंद्र सिंह सिकरवार सतेन्द्र सिंह सिकरवार लालू यादव कमल यादव रामकुमार शर्मा दिलीप जगा कृष्ण कांत अग्रवाल असलम खान अंकित धाकड़ संतोषी अग्रवाल मनोज धाकड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

**आचार्य नरेंद्र देव महाविद्यालय में योग कराया गया**

कैलारस आचार्य नरेंद्र महाविद्यालय कैलारस की राष्टीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 21/6/25 को महाविद्यालय परिसर में ÷अंतर्राष्टीय योग दिवस÷ शासन की मंशानुरूप मनाया,उक्त कार्यक्रम डॉ शोभाराम मिश्रा(ब्लॉक्‍श) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैलारस के मुख्य आतिथ्य तथा डॉ रुचि गुप्ता रासेयो प्रभारी गवर्नमेंट कॉलेज कैलारस की उपस्थिति में आयोजित हुआ।उक्त योग कार्यक्रम में योग शिक्षक श्री मुकेश धाकड़ जी द्वारा उपस्थित स्वयंसेवकों ,महाविद्यालय परिवार के सदस्यों आदि को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया , योग की उपयोगिता आदि की विस्तृत जानकारी दी तथा वहीं स्वयंसेवकों की क्वेरीज का जवाब दिया तथा सभी उपस्थित स्वयंसेवकों आदिको नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया।श्री के सी बंसल कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने गीत के माध्यम से योग का सारांश दिया,तथा सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्री रामलखन धाकड़ जी ने उक्त कार्यक्रम का भली भांति संचालन करते हुए छात्रों को रासेयो की उपयोगिता पर प्रकाश डाला,कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एम के सिंह जी द्वारा उपस्थित अतिथियों तथा स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त कर स्वल्पाहार उपरांत कार्यक्रम समापन की आधिकारिक घोषणा की।

# सडक हादसे में युवक की मौत

**मुरैना,कांस।** चिन्नौनी थाना क्षेत्र में सडक हादसें में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिन्नौनी के सबलगढ रोड पर पर्वतपुरा से झुण्डपुरा कस्बे के बीच में रामराज सिकरवार पुत्र गुलाब सिंह सिकरवार निवासी संतोषपुरा खेलला सबलगढ की सडक हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी रघुवीर सिंह पुत्र रामसिंह भदौरिया की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया




**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 21 जून, 2025 को अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश जिला न्यायालय मुरैना श्रीमती संगीता मदान द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर योगाभ्यास में मुरैना मुख्यालय के न्यायाधीशगण, कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर योगाभ्यास किया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने योग को दैनिक दिनचर्या में अपनाने व योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के संबंध में जागरूक किया। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा जिला जेल मुरैना एवं बाल संप्रेक्षणगृह में योग दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

# विजयपुर में ओवरलोड ई-रिक्शों की भरमार, खतरे में यात्रियों की जान

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**विजयपुर।** विजयपुर क्षेत्र के शहर के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर क्षेत्र से प्रतिदिन दर्जनभर से अधिक ओवरलोड ई-रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे हैं। निर्धारित चार सवारियों की क्षमता वाले इन ई-रिक्शों में 8 से 10 यात्री तक लादे जा रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि यात्रियों को छत पर बैठाकर और साइड में लटकाकर सफर कराया जा रहा है। बीते दिनों एक ओवरलोड ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया था, जिसमें कई यात्री घायल हो गए। इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह लापरवाही आम हो गई है, खासकर मंदिर क्षेत्र में विशेष आयोजनों या सप्ताहांत पर हालात और बिगड़ जाते हैं। ओवरलोडिंग न सिर्फ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आमजन की जान के लिए भी खतरा बन चुका है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि यातायात विभाग और नगर प्रशासन नियमित जांच अभियान चलाकर ऐसे ई-रिक्शा चालकों पर कड़ी कार्रवाई करें। यातायात विशेषज्ञों के अनुसार, ई-रिक्शा का संतुलन अधिक भार से बिगड़ सकता है, जिससे दुर्घटनाएं हो सकती हैं। यह ज़रूरी है कि स्वयं यात्री भी जागरूक बनें और ओवरलोड ई-रिक्शों में बैठने से इंकार करें। साथ ही प्रशासन को चाहिए कि सख्त कदम उठाकर इस तरह की लापरवाही पर अंकुश लगाए।

# विश्व योग दिवस पर किया योग अभ्यास प्राणायाम



**झुण्डपुरा।** अर्न्तराष्टीय योग दिवस पर नगरपालिका परिषद कार्यालय झुण्डपुरा पर योग दिवस समारोह पूर्वक मनाया जिसमें योग अभ्यास प्राणायाम किया गया कार्यक्रम सुबह 6 बजे शुरू हुआ जिसकी अध्यक्षता नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा की अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी ने की। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक कुमार वाल्मीकि सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था द्वारा योग ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससे धर्मेन्द्र राठौर ने योग अभ्यास प्राणायाम कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुण्डपुरा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय माध्यमिक विद्यालय कन्या हाईस्कूल/माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राओं ने योग अभ्यास प्राणायाम किया।योग अभ्यास प्राणायाम सुबह उठकर प्रतिदिन करना चाहिए अगर उसे स्वस्थ और अच्छी जीवन शैली अपनाना है तो उसे योग धारण करना चाहिए।धर्मेन्द्र राठौर ने बताया कि योग केवल चर्चा नहीं बल्कि मनुष्य की आत्म शक्ति है आज मनुष्य अपनी दिनचर्या में कई गतिविधियां जो उसके अनुकूल नहीं है उनको अपना रहा है जबकि उसकी योग धारण कर कर अपने शरीर को स्वस्थ बनाए और निरोगी रहे।इस अवसर पर मनीषा बल्ली सोनी अशोक कुमार वाल्मीकि धर्मेन्द्र राठौर रामदीन जौहरी संदीप त्यागी नागेन्द्र मोर्य,वहीं विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दिलीप शर्मा अनिल शर्मा शैलेन्द्र सिंह नरेंद्र शाक्य कमलेश शर्मा मातादीन रावत लक्ष्मी शाक्य सुनीता मांझी रामहेत जाटव मनोज वर्मा सहित शिक्षक शिक्षकाऐ एवं छात्र छात्राएं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# योग है प्रकृति का वरदान, स्वस्थ जीवन की है पहचान - कृष्णा दीदी



**मुरैना,कांस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने सभी को योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जीवन में सुख -शांति और खुशी की चाह में मनुष्य ने एक लंबा सफर तय किया है ,परंतु भौतिक साधनों में सुख - शांति की खोज में मनुष्य का जीवन और अधिक अशांत और दुख में होता जा रहा है।

संचार क्रांति के वर्तमान युग में इंटरनेट - ईमेल ने मनुष्य की जिंदगी में दखल देकर उसके जीवन से सुख-शांति को तो एकदम बेदखल कर दिया है। इसलिए मनुष्य के जीवन को सुखी और स्वस्थ बनाने के लिए वर्तमान समय में ऐसे योगाभ्यास की आवश्यकता है जो मन को स्वस्थ और निरोगी बना सके। शारीरिक योग से तो शरीर स्वस्थ रहता है लेकिन अगर हमारा मन ही कमजोर रहे तो शारीरिक योग का कोई फायदा नहीं।

**कहा जाता है -** मन दुरुस्त तो तन भी दुरुस्त। अगर हमारा मन ही दुखी अशांत रहेगा तो कितना भी योग करें , जिसको हम एक्सरसाइज बोलते हैं उससे क्या कोई फायदा हो सकता है ? आज सब अपने-अपने शरीर को फिट करने के लिए एक्सरसाइज, योगा, प्राणायाम करते हैं लेकिन फिर भी सब दुखी हैं, अशांत है , शांति चाहिए सभी को । अगर मन शांत और खुश होगा तो उसका प्रभाव शरीर के ऊपर भी पड़ेगा और शरीर भी स्वस्थ रहेगा। जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग करते हैं जिससे हम स्वस्थ भी रहते हैं, लेकिन मन को स्वस्थ रखने के लिए हमें राजयोग चाहिए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव बने शिक्षक

## शंकु यंत्र पर परछाई परिचालन व्यवस्था में शून्य होती परछाई को देखा और उपस्थित सभी को सूर्य परिचालन समझाया

## शनिवार दोपहर 12-28 बजे डोंगला वेधशाला पर छांव हुई विलुप्त



**भोपाल ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 जून को होने वाली अद्भुत खगोलीय घटना डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में देखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शंकु यंत्र पर परछाई परिचालन व्यवस्था में शून्य होती परछाई को देखा और उपस्थित सभी को सूर्य परिचालन से समय परिवर्तन और काल गणना को भी समझाया। उन्होंने शिक्षक के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार खगोलीय विज्ञान की जानकारी सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को समझाई।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, जनप्रतिनिधि श्री राजेश धाकड़, श्री बहादुर सिंह चौहान, महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, श्री शिवकुमार शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**शंकु यंत्र**

क्षितिज वृत्त के धरातल पर निर्मित इस चबूतरे के मध्य में एक शंकु लगा हुआ है, जिसकी छाया से सूर्य का वेग लिया जाता है। इस गोल चबूतरे पर तीन रेखाएँ खींची हैं, जो सूर्य के उत्तरायण व दक्षिणायण की विभिन्न स्थितियों को दर्शाती हैं। सूर्य उत्तरायण के अन्तिम बिन्दु (राजून) पर जब होता है तब डोंगला में विशेष खगोलीय घटना होती है। दोपहर में 12-28 बजे शंकु की छाया लुप्त हो जाती है। इस घटना में यह सिद्ध होता है कि सूर्य की उत्तर परम क्रान्ति (23-26%) व डोंगला के अक्षांश समान हैं। इस दिन (राजून) दिनमान सबसे बड़ा होता है।

# विश्व योग दिवस पर उप जेल जौरा मे दिलायी गयी टी.बी. मुक्त भारत की शपथ



**जौरा।** ग्यारहवें अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पद्मेश उपाध्याय के निर्देशन व जिला क्षय अधिकारी डॉ. नरेंद्र उपाध्याय एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. एस. सेमिल के मार्गदर्शन में टी.बी. इकाई सिविल हॉस्पिटल द्वारा जौरा जेल में पहुंच कर वर्तमान में चल रहे 100 दिवस टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत एस.टी.एल.एस. रणबीर गोयल के द्वारा बंदियो तथा जेल के कर्मचारीयो को प्रदेश ओर मुरैना जिले को टी.बी. मुक्त करने के लिए शपथ दिलायी गयी साथ ही पतंजलि के योग शिक्षक श्री सुनील शर्मा के द्वारा योग अभ्यास कराया गया इस अवसर पर जेल में सिविल न्यायालय जोरा के मजिस्ट्रेट श्री महेश त्रिपाठी एवं मजिस्ट्रेट श्रीमती सुषमा त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप मैं उपस्थित थी, इनके अलावा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर. एस. सेमिल,जेलर बाबूलाल माहोर, आईसीटीसी परामर्शदाता संदीप सेंगर, मनीकांत शर्मा, फार्मासिस्ट आशुतोष दुबे, धर्मेंद्र शर्मा एवं सत्येंद्र रावत, एव जेल स्टाफ उपस्थित थे।

# कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन रायफल, 37 राउण्ड व चार पहिया वाहन जब्त किया



**मुरैना,कांस।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार उसके कब्जे से अवैध हथियार 315 बोर की तीन रायफल, 37 जिंदा राउण्ड एवं तस्करी हेतु प्रयुक्त चार पहिया वाहन जब्त किया गया। सीएसपी दीपाली चंसोरिया से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अम्बाह बायपास के पास खाली प्लॉटिंग के आस-पास 01 स्फेद रंग की गाड़ी में बड़ी मात्रा में अवैध हथियार बेचने की फिराख में रखे हुए है। मुखबिर की उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचकर दबिश दी गई तो वहां मुखबिर के बताए अनुसार 01 बिना नंबर की स्कॉर्पियो गाडी खडी दिखी, जिसकी घेराबंदी कर गाड़ी में बैठे व्यक्ति से नाम पता आदि पूछने के उपरांत वाहन की तलाशी ली गई. उक्त गाडी की डिग्गी में 315 बोर की 03 रायफल, 02 बिलडोरिया (जिसमें 315 बोर के 37 जिंदा राउण्ड रखे थे) रखी हुई मिली, उक्त व्यक्ति से हथियार आदि के संबंध में लायसेंस चाहा गया, तो कोई भी लायसेंस/दस्तावेज न होना बताया गया, आरोपी का उक्त कृत्य धारा 25, 27, 25 (1-AA) के तहत दंडनीय होने से मौके से उक्त वाहन एवं अवैध हथियार-राउण्डों कुल मशरूका कीमती करीबन ?6 लाख का जब्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। बाद थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध 25,2725 (1-AA) आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जौरा खुर्द के शाला भवन की बिल्डिग गिरी

**मुरैना,कांस।** जिले में जीर्णशीर्ण शाला भवनों में कक्षा संचालित न करने के आदेश कलेक्टर द्वारा 5.5.2025 को समस्त खण्ड स्त्रोत समन्वयक को जारी कर इसकी सूचना संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई थी तथा आदेश में यह भी कहा गया था कि संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा दिनांक 22.4.2025 को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया था कि ऐसे शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक/एवं अन्य शाला परिसरो में आने वाली संरचनाऐं जो लोक निर्माण विभाग द्वारा जीर्णशीर्ण घोषित किए गए है उनमें कक्षाऐं संचालित न की जाए। इस समय जिले में कई शाला भवन जीर्णशीर्ण स्थिति में है, अभी वर्षात शुरू ही हुई है कि जौराखुर्द शाला भवन की विब्डिंग धराशाही हो गई। इसी प्रकार जिले में कई शाला भवन ऐसे है जो कभी भी धराशाही हो सकते है। जीर्ण-शीर्ण शाला भवनो के पास लगने वाली कक्षाओ में छात्र एवं शिक्षक जान जोखिम में डाल कर अध्यापन कराने को मजबूर हो रहे है।



# मिट्टी धसकने से एक मजदूर की मौत, पांच हुए घायल

## चंबल वाटर परियोजना के निर्माण कार्य में लगे थे मजदूर

**मुरैना,कांस।** चम्बल वाटर परियोजना के निर्माणाधीन कार्य के तहत मिट्टी धसक जाने से छह मजदूर दब गये। इन्हें निकालकर जिला चिकित्सालय में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि पांच मजदूर इलाज के लिये चिकित्सालय में दाखिल कर दिये गये। यह दुर्घटना जिले के नूराबाद थाना क्षेत्रान्तर्गत जडेरूआ गांव के पास घटित हुई है। पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर घटना के लिये जिम्मेदार लोगों की पहचान की जा रही है। राष्टीय राजमार्ग 44 के किनारे चम्बल वाटर परियोजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना ग्वालियर शहर को चम्बल से पेयजल आपूर्ति के लिये क्रियान्वित की जा रही है। मुरैना से ग्वालियर मोती झील तक 38 किलोमीटर की पाइप लाइन ग्वालियर नगर निगम द्वारा डाली जा रही है। इसके तहत निर्माण एजेंसी द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। पाइप को जमीन के अंदर 8 फुट बिछाया जा रहा है। इसके लिये जमीन की खुदाई भी निरंतर की जा रही है। आज पाइप डालने के दौरान मिट्टी की करार धसक गई जिसके तहत मजदूर दब गये। जिनमें कल्लू मारवाड़ी, प्रीतम सिंह, संदीप पाल, प्रमोद व सुनील, नीरज शामिल थे। इन सभी मजदूरों को मिट्टी से बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय लाया गया। यहां परीक्षण के पश्चात चिकित्सक ने कल्लू मारवाडी को मृत घोषित कर दिया। जबकि चार मजदूर प्रीतम सिंह, संदीप पाल, प्रमोद व सुनील को इलाज के लिये सर्जिकल वार्ड में पहुंचाया गया। इसके साथ ही घायल मजदूर नीरज को ग्वालियर ले जाया गया। नीरज एयरटेल कम्पनी का कर्मचारी बताया जा रहा है। वहीं मृत कल्लू के शव को पीएम हाउस में सुरक्षित रखवाया गया है। नूराबाद थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भारत के मूलदर्शन और योगशैली से दुनिया को परिचय कराने का दिन है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः मुख्यमंत्री

**शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए महर्षि पतंजलि का मानवता को वरदान है योग**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभागियों के साथ किया योगाभ्यास**

**राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए अटल पथ पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी और जनसामान्य योगाभ्यास में शामिल हुए**

**एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर मना 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

## योग का अर्थ है जोड़ना और मैं से हम की यात्रा ही योग का आधार है- प्रधानमंत्री श्री मोदी

**भोपाल ब्यूरो।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के अटल पथ पर राज्य स्तरीय योग संगम सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन का इस अवसर पर सजीव प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए अटल पथ पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और जनसामान्य ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में योग किया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके, सांसद श्री वी.डी. शर्मा तथा श्री आलोक शर्मा उपस्थित थे।






प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम् में योगांध्र कार्यक्रम में कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना। योग ने बीते एक दशक में दुनिया को जोड़ा है। भारत ने जब संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा तो 175 देश भारत के प्रस्ताव के साथ खड़े थे। वर्तमान दौर में ऐसा अभूतपूर्व समर्थन सामान्य नहीं है। यह सिर्फ समर्थन नहीं, बल्कि यह दुनिया की भलाई के लिए एक प्रयास था। आज दुनियाभर में करोड़ों लोगों के लिए योग जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। योग सभी के लिए है और सभी का है। उम्र और अन्य सभी सीमाएं तोड़ते हुए यह उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करता है। योग का समाज में सोशल प्रमोशन कैसे हो सकता है, इसे योगांध्र अभियान की सफलता से समझा जा सकता है। इस वर्ष एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम है। योग हमारे लिए वसुधैव कुटुंबकम के मार्ग पर चलते हुए दुनिया को एक मंच पर लाने का माध्यम है। यह मैं से ऊपर उठकर हम की यात्रा है, समर्पण, सेवा और सहअस्तित्व का भाव है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि दुनिया के कई क्षेत्रों में अशांति का दौर है, लेकिन योग से हमें शांति मिलती है। विश्व समुदाय से अनुरोध है कि योग को ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बनाएं। आज योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने के लिए प्रयास जारी हैं। योग को आगे बढ़ाने में डिजिटल टेक्नोलॉजी ने भी अहम भूमिका निभाई है। आज हील इन इंडिया का मंत्र दुनिया में प्रसिद्ध हो रहा है और इसमें भी योग की बड़ी भूमिका है। देशभर में आयुष्मान योग मंदिरों में प्रशिक्षित योग टीचर तैनात किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास दुनिया को योग का फायदा देने का है। बढ़ता मोटापा दुनिया के लिए बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने योग दिवस पर देशवासियों और दुनिया के लोगों से मोटापा घटाने के लिए संकल्प लेने का आव्हान करते हुए कहा कि कम तेल वाला भोजन करने के साथ योग को स्वस्थ्य जीवनशैली का माध्यम बनाना जरूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारे लिए विश्व एक परिवार है, और विश्व योग दिवस का अवसर दुनिया को भारत के मूलदर्शन और योगशैली से परिचय कराने का दिन है। योगाभ्यास करने से मन शांत होता है, शांति से संतोष आता है और जब मन में संतोष हो तो मनुष्य अहिंसा की तरफ बढ़ता है। योग, शारीरिक बल और मानसिक शांति व प्रफुल्लता बढ़ाता है।

# राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के नेतृत्व में राजभवन में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**राजभवन में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम**

**भोपाल ब्यूरो।**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन में सामूहिक योगाभ्यास का नेतृत्व किया। राज्यपाल श्री पटेल के साथ करीब 150 प्रतिभागी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम राजभवन के सांदीपनि सभागार मे हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशाखापटनम कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी किया गया।योगाभ्यास कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता भी मौजूद थे।



**योग के विभिन्न आसनों का हुआ अभ्यास**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम, और ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया। मुख्य रूप से ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, कटिचक्रासन, दण्डासन, वज्रासन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन और शवासन किए। आसनों के बाद कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, आदि प्राणायाम किए।

# उपमुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ देवास में सामूहिक योग कार्यक्रम

**योग मन की शांति, बुद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा के लिये आवश्यक- उपमुख्यमंत्री**

**भोपाल ब्यूरो।**

उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में 11 वाँ अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री देवड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में जनप्रतिनिधिगण , सामाजिक संगठनों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाएं, छात्र-छात्राओं और अधिकारियों के साथ योग किया। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आज एक साथ पूरा विश्व योग कर रहा है। योग से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहता है। ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' की थीम पर इस वर्ष योग दिवस मनाया जा रहा है।उन्होंने सभी को योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि केवल एक दिन नहीं प्रतिदिन योग करें,यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। योग मन की शांति, बुद्धि एवं शरीर के लिये और सकारात्मक ऊर्जा के लिये आवश्यक है।



# मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों से दिया गया योग



**भोपाल ब्यूरो।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पर्यटन विभाग ने प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योग कर योग का संदेश दिया। इन सभी स्थलों पर योग संगम का आयोजन किया गया। योग के वैश्विक महत्व को बढ़ावा देने और नागरिकों को स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित योग संगम में बड़ी संख्या में जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों और नागरिकों ने हिस्सा लेकर योग साधना की। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एवं एक स्वास्थ्य के लिये योग है, जो योग के समग्र लाभों और वैश्विक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा प्रयास है कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल योग के महत्व को उजागर किया जाए, बल्कि मध्यप्रदेश को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में भी बढ़ावा दिया जाए। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम हुए। यह कार्यक्रम धार जिले के मांडू, ग्वालियर किला, अशोकनगर के चंदेरी, मुरैना के पड़ावली, अनूपपुर जिले के अमरकंटक, रायसेन जिले के भीमबेटका और सांची, राजधानी भोपाल के केरवा, विंड एंड वेव्स, कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, उमरिया जिले के बांधवगढ़, छतरपुर जिले के खजुराहो-पश्चिमी मंदिर समूह, निवाड़ी जिले के ओरछा कंचना घाट, जबलपुर के भेड़ाघाट, उज्जैन के महाकाल लोक, इंदौर के राजवाड़ा, खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर एकात्म धाम, नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी धूपगढ़ में योग संगम के माध्यम से मध्यप्रदेश ने यह संदेश दिया कि योग केवल आत्मिक और शारीरिक संतुलन का माध्यम ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और पर्यटन को बढ़ावा देने का भी प्रभावशाली साधन है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 30/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : 1. समइं/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत कासगंज-भोजीपुरा अनुभाग के मध्य ट्रैक पर सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। 2. समइं/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत भोजीपुरा-लालकुआँ अनुभाग के मध्य ट्रैक पर सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 9,32,31,990.77, बयाना राशि रूपयों में : रू. 6,16,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 11.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), इज्जतनगर**

मुजाधि/डब्लू - 128

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।

**आवश्यक सूचना**

भारतीय रेल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ट्रैफिक एवं पावर ब्लाक कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों के निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ओरीजिनेशन एवं रिशेड्यूलिंग/रेगुलेशन किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत है :-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 54335 | बालामऊ जंक्शन-कानपुर सेन्ट्रल पैसेन्जर | 23.06.2025 से 25.06.2025 |
| 54336 | कानपुर सेन्ट्रल-बालामऊ जंक्शन पैसेन्जर | 23.06.2025 से 25.06.2025 |
| 54153 | रायबरेली जंक्शन-कानपुर सेन्ट्रल पैसेन्जर | 23.06.2025 से 26.06.2025 |
| 54154 | कानपुर सेन्ट्रल-रायबरेली जंक्शन पैसेन्जर | 22.06.2025 से 25.06.2025 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरीजिनेशन**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | आंशिक निरस्तीकरण /ओरीजिनेशन का स्टेशन | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 12179 | लखनऊ जंक्शन-आगरा किला इंटरसिटी | कानपुर सेन्ट्रल से संचालित | 25.06.2025 |
| 12180 | आगरा किला-लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी | कानपुर सेन्ट्रल पर समाप्त | 25.06.2025 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | स्टेशन पर ठहराव नहीं रहेगा | प्रा. स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 12004 | नई दिल्ली-लखनऊ जंक्शन शताब्दी | गाज़ियाबाद जं.-मुरादाबाद जं.-लखनऊ जं. | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., फफूंद, कानपुर सेन्ट्रल | 25.06.2025 |
| 15066 | पनवेल-गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेन्ट्रल -प्रयागराज जं.-फाफामऊ जं. - माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-सुल्तानपुर जं.-अयोध्या कैण्ट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर जं.- गोंडा जं. | लखनऊ, बाराबंकी जं. | 24.06.2025 |
| 12173 | लोकमान्य तिलक ट.-माँ बेल्हा देवा धाम प्रतापगढ़ जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज जं.-फाफामऊ जं.-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन | लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी | 24.06.2025 |

**रेलगाड़ियों का रिशेड्यूलिंग/रेगुलेशन**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | कानपुर सेन्ट्रल से रिशेड्यूलिंग/रेगुलेशन | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 64212 | कानपुर सेन्ट्रल-लखनऊ मेमू | 7 घण्टे की देरी से चलेगी | 25.06.2025 |
| 12469 | कानपुर सेन्ट्रल-जम्मू तवी एक्सप्रेस | 4 घण्टे की देरी से चलेगी | 25.06.2025 |
| 14124 | कानपुर सेन्ट्रल-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन इंटरसिटी | 45 मिनट की देरी से चलेगी | 23.06.2025 से 25.06.2025 |
| 22445 | कानपुर सेन्ट्रल-अमृतसर जंक्शन सुपरफास्ट | 30 मिनट की देरी से चलेगी | 23.06.2025 |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1071/25 (C)

**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No.:-DRM/C/AGRA/Parcel/E-AUCTION Dated :- 19.06.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है :-

| श्रेणी : पार्सल | केटलॉग संख्या : AGRA-LEASING-41 |
|---|---|

एसेट्स डिटेल्स

1. गाड़ी संख्या 12178 में (01) (F1) एसएलआर
2. गाड़ी संख्या 12195 में (01) (R1) एसएलआर-मंगलवार, गुरुवार & शनिवार
3. गाड़ी संख्या 15055 में (01) (F1) एसएलआर
4. गाड़ी संख्या 05914 में (01) (F2) एसएलआर-सोमवार, मंगलवार, गुरुवार
5. गाड़ी संख्या 20976 में (01) (F1) एसएलआर
6. गाड़ी संख्या 05914 में (01) (F1) एसएलआर
7. गाड़ी संख्या 12180 में (01) (F1) एसएलआर
8. गाड़ी संख्या 22988 में (01) (F1) एसएलआर
9. गाड़ी संख्या 11902 में (01) (F1) एसएलआर
10. गाड़ी संख्या 11905 में (01) (F1) एसएलआर
11. गाड़ी संख्या 12195 में (01) (R1) एसएलआर-रविवार, बुधवार & शुक्रवार
12. गाड़ी संख्या 19818 में (01) (R1) एसएलआर
13. गाड़ी संख्या 12162 में (01) (F1) एसएलआर
14. गाड़ी संख्या 15110-15109 में (01) राउण्ड ट्रिप वी पी

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय :** दिनांक:- 07.07.2025 समय:- 10:30

**ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय :** दिनांक:- 07.07.2025 समय:-13:10

**नोट :-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेवसाइट-**www.ireps.gov.in** के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **1064/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः 2025- जून-03** **दिनांक 19.06.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ''खुली निविदा'' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्रम संः | निविदा संः | अनुमानित लागत ₹ः | कार्य का विवरणः |
|---|---|---|---|
| 1 | 2025-जून-03-01 | ₹ 9217090.32 | सहायक मंडल इंजीनियर (मुख्यालय) आगरा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर टी.आर.आर (पी), टी.एस.आर (पी), टी.बी.आर, टी.एफ.आर का कार्य। |
| 2 | 2025-जून-03-02 | ₹ 37508926.05 | आगरा कैंट स्टेशन पर रेलवे अस्पताल में सम्पर्क मार्गों के चौड़ीकरण के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं में सुधार कार्य। |
| 3 | 2025-जून-03-03 | ₹ 3282939.39 | सहायक मंडल इंजीनियर (मुख्यालय) आगरा के अधीन आगरा कैंट- राजा की मंडी खंड में ट्रैक के साथ स्टेशन पहुँच मार्गों पर रेलवे क्षेत्र / परिसर का सौंदर्गीकरण का कार्य। |
| 4 | 2025-जून-03-04 | ₹ 2055114.44 | आगरा कैंट साउथ कॉलौनी एवं आगरा कैंट स्टेशन पर 24 महीने के लिए 100 के.एल.डी क्षमता के एस.टी.पी के संचालन एवं रख-रखाव का कार्य। |
| 5 | 2025-जून-03-05 | ₹ 6999462.72 | सहायक मंडल इंजीनियर-द्वितीय / मथुरा के अंतर्गत मथुरा-अछनेरा के अंतर्गत मथुरा-अछनेरा खंड के विभिन्न यार्डो में सुधार कार्य। |
| 6 | 2025-जून-03-06 | ₹ 27015892.20 | सहायक मंडल इंजीनियर-द्वितीय/ मथुरा के अंतर्गत आगरा कैंट-मथुरा खंड के विभिन्न यार्डों में सुधार कार्य। |
| 7 | 2025-जून-03-07 | ₹ 21896281.79 | सहायक मंडल इंजीनियर-धौलपुर के अंतर्गत आगरा कैंट-धौलपुर एवं भांडई-इटावा खंडों के विभिन्न यार्डों में सुधार कार्य। |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेवपोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक 10.07.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **1068/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# शारीरिक लाभ के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है योगः डीआरएम

## झांसी रेल मंडल में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

**झांसी।** झांसी रेल मंडल में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप से मनाया गया। सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट, झांसी में आयोजित कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कर %एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग% थीम को सार्थक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राजेश कुमार शर्मा द्वारा मंडल रेल प्रबंधक को पौधा देकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत सभी उपस्थित लोगों द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग दिवस के अवसर पर दिए गए उद्बोधन को सुना गया। उद्बोधन समाप्ति के पश्चात योगाचार्य किशोरीलाल (योग) के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक तथा अन्य अधिकारियों और उपस्थित लोगों द्वारा सामूहिक योग अभ्यास किया गया। झांसी रेल मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडल में विभिन्न स्थानों पर योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए।



बीटीसी झांसी में रेलकर्मियों और उनके परिजनों द्वारा योग किया गया। रेलवे इंस्टिट्यूट बांदा में भी योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उरई स्टेशन, टीआरएस झांसी तथा सामुदायिक भवन, ग्वालियर में भी रेल परिवार के सदस्यों द्वारा योग किया गया। झांसी स्थित पी वे सेंटर तथा बेसिक ट्रेनिंग सेंटर सी एंड डब्लू में भी कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को योग के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन निदेशक के कक्ष में यात्रियों और कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली में भी कर्मचारियों को योग का महत्व बताया गया। इसके साथ ही सभी स्टेशनों, डिपो, लॉबी तथा अन्य ईकाईयों में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954